इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




**गुरु पूर्णिमा की समस्त सुधीपाठकों, विज्ञापन दाताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

वर्ष- 45 | अंक - 251 | राजनांदगांव, बुधवार 29 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## एंटी पेपर लीक बिल पर लोकसभा में चर्चा: प्रियंका गांधी ने सरकार पर बोला हमला, पूछा- छात्रों पर पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया ?

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र में मंगलवार को पब्लिक एग्जामिनेशन (गलत तरीकों से बचाव) संशोधन विधेयक, 2026 पर लोकसभा में जोरदार बहस शुरू हो गई। विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की गैरमौजूदगी पर सवाल उठाए, जबकि केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सरकार की ओर से बहस का समय 10 घंटे तक बढ़ाने की पेशकश की। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार वचन नहीं, जुमले देती है, वहीं कांग्रेस ने छात्रों पर पैलेट गन चलाने के आदेश को लेकर सरकार से जवाब मांगा।

### प्रियंका ने पैलेट गन पर सरकार से मांगा जवाब

लोकसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग को लेकर सरकार से जवाब मांगा। प्रियंका गांधी ने कहा, देश के युवाओं पर पैलेट गन और एके-47 चलाने की क्या ज़रूरत थी? क्या वे आतंकवादी थे? पैलेट गन इस्तेमाल करने का आदेश किसने दिया? क्या यह प्रधानमंत्री थे? क्या यह गृह मंत्री थे? उन्हें जवाब देना होगा। पूरा देश जवाब मांग रहा है।

रोज़गार और परीक्षा व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा, इस सरकार ने लगातार उन सभी सेक्टर को कमज़ोर किया है, जिनसे रोज़गार पैदा होते हैं। परीक्षा प्रणाली पूरी तरह फेल हो गई है। पिछले दशक में 152 बार पेपर लीक हुए हैं। करोड़ों छात्र प्रभावित हुए हैं, लेकिन अब तक पेपर लीक माफिया के एक भी सदस्य को सज़ा नहीं मिली है। शिक्षा व्यवस्था पर निशाना साधते हुए प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया, उन्होंने आरएसएस प्रचारकों को भरकर हमारी शिक्षा व्यवस्था को खोखला कर दिया है। एनटीए बनाकर और पूरे सिस्टम को केंद्रीकृत करके मामलों को और उलझा दिया गया। हर साल बढ़ने के बजाय शिक्षा पर कुल बजट का हिस्सा लगातार घट रहा है।

### पेपर लीक बिल पर बहस के दौरान तीखी नोकझोंक

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा, क्या बेहतर है- सरकार छात्रों का विरोध सुनकर संसद में बिल लाए या विरोध दबाने के लिए पूरे देश में (शेष पृष्ठ 6 पर...)



### लोकसभा में बोले अखिलेश यादव- एक प्रधान हटाकर, आपने प्रधानमंत्री बचा लिया



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोक परीक्षा संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान बड़ा बयान दिया. अखिलेश ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान को हटाकर, प्रधान को बचा लिया गया. समाजवादी पार्टी प्रमुख ने युवाओं के आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि वह इसे काफी समय से दूर से देख रहे थे. उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## प्रल्हाद जोशी पर राहुल गांधी का हमला, बोले- दुष्कर्मियों का बचाव करने वाले को बनाया शिक्षा मंत्री



नई दिल्ली। केंद्र सरकार में नए शिक्षा मंत्री की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को तीखा हमला बोला। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नए शिक्षा मंत्री को लेकर प्रधानमंत्री के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि मंत्रिमंडल में कई लोग थे, लेकिन प्रधानमंत्री ने ऐसे व्यक्ति को चुना, जो उनके अनुसार दुष्कर्म के आरोपियों का बचाव करने वाला है। राहुल गांधी ने कहा कि शिक्षा मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति गलत संदेश देती है। उन्होंने प्रधानमंत्री के फैसले पर भी सवाल उठाए।

राहुल गांधी ने कहा कि भारत के शिक्षा मंत्री ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें भाजपा ने चुना है और जो दुष्कर्म के आरोपियों का बचाव करते हैं। इससे ज्यादा खराब बात और क्या हो सकती है। मंत्रिमंडल में इतने लोग थे, लेकिन प्रधानमंत्री ने उसी व्यक्ति को चुना, जो दुष्कर्म के आरोपियों का बचाव करता है। यह काफी हैरान करने वाला फैसला है। राहुल गांधी ने अपने बयान के जरिए सीधे प्रधानमंत्री की पसंद पर सवाल उठाया और कहा कि इस नियुक्ति को लेकर गंभीर जवाबदेही होनी चाहिए। दरअसल इसकी शुरुआत प्रियंका गांधी ने की। सदन में संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने नया शिक्षा मंत्री चुना, एक ऐसे व्यक्ति को चुना, जिसने एक गर्भवती रेप पीड़िता के दोषियों की रिहाई पर सहमति व्यक्त की। हालांकि इस पर स्पीकर ने उनको टोका और सत्तापक्ष के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस पर आपत्ति करते हुए कहा कि प्रियंका गांधी ने जो कहा, हमारे नए शिक्षा मंत्री पर जो टिप्पणी की, वह चरित्र हनन है एक तरीके से। हम उम्मीद नहीं करते ऐसी बातों की। इसे रिकॉर्ड से हटाया जाए। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब सरकार महिलाओं के अधिकार, महिला आरक्षण और महिलाओं को आगे लाने की बात करती है, तब इस तरह की नियुक्ति गलत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नर्सिंग कॉलेजों में 100 प्रतिशत महिला आरक्षण, स्वास्थ्य-पीएससी सचिव को नोटिस

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रद्द किया था शासन का आदेश, 3 साल बाद नहीं हुआ लागू



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने नर्सिंग कॉलेजों में 100 प्रतिशत महिला आरक्षण को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया में पुरुष अभ्यर्थियों को भी शामिल करने का आदेश दिया था। लेकिन 3 साल बाद भी स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने इस आदेश का पालन नहीं किया।

इसके अलावा पुरुषों के लिए अब तक संशोधित भर्ती विज्ञापन भी जारी नहीं किया गया। इस मामले में दायर अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और पीएससी सचिव डी. राहुल वेंकट को अवमानना नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 5 सप्ताह बाद होगी। दरअसल, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) ने 8 दिसंबर 2021 को सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में डिमॉन्स्ट्रेटर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इस विज्ञापन में नियम-5 और भर्ती नियम 2013 के शेड्यूल-3 के नोट-2 के तहत केवल महिला अभ्यर्थियों को ही आवेदन करने की अनुमति दी गई थी।

### पुरुष अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में दी थी चुनौती

इस नियम के खिलाफ अभय कुमार किस्पोट्टा, डॉ. अजय त्रिपाठी, एलयुस एक्का और आदित्य सिंह ने 2021 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि जब बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग में पुरुष और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'पेपर लीक आतंकवाद से कम नहीं, हमारी सरकार इसका मुकम्मल इलाज करेगी', संसद में बोले अनुराग ठाकुर



नई दिल्ली। लोकसभा में एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि पेपर लीक आतंकवाद से कम खतरनाक नहीं है, क्योंकि इसका सबसे बड़ा नुकसान देश के युवाओं को उठाना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से 2024 के कानून में संशोधन कर उसे और अधिक सख्त और प्रभावी बनाया जा रहा है। ठाकुर ने कहा कि सरकार ऐसा तंत्र विकसित करना चाहती है जिससे मामलों में अनावश्यक देरी न हो और पूरी परीक्षा प्रणाली अधिक मजबूत व पारदर्शी बने। अनुराग ठाकुर ने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जब सदन में इस मुद्दे पर चर्चा हो रही थी तब विपक्ष सदन नहीं चलने दे रहा था। अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर भी तंज कसते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने छात्रों के मुद्दे पर राजनीति करने की कोशिश की। उन्होंने कहा राहुल गांधी को लगा कि युवाओं ने पूछा नहीं, इसलिए अखिलेश जी के साथ प्रधानमंत्री आवास के बाहर जाकर लेट गए। अनुराग ठाकुर कहा किया कि नीट परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिलते ही केंद्र सरकार ने तीन दिन के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया और 40 हजार से अधिक परीक्षा केंद्रों पर महज 45 दिनों में पूरी प्रक्रिया पूरी कर दी जो युवाओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के भाषण पर भी पलटवार किया और प्रोफेसर वी. कामाकोटी पर की गई टिप्पणी का विरोध किया। ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े होने में कोई गलत बात नहीं है और देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों का उपहास उड़ाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारतीय सेना में बनेगी बस्तर रेजिमेंट! राजनाथ सिंह ने दिया लेटर का जवाब, विजय शर्मा ने की थी मांग



रायपुर। भारतीय सेना में एक नए रेजिमेंट की स्थापना हो सकती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ के डेप्युटी सीएम विजय शर्मा को एक जवाबी लेटर लिखा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 26 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लेटर लिखकर भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट के गठन की मांग की गई थी।

मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजय शर्मा के लेटर का जवाब भेजा है और भरोसा दिया है। विजय शर्मा को जवाब में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लिखा है, विजय शर्मा, आपका दिनांक 26 जून, 2026 का पत्र प्राप्त हुआ जो भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट की स्थापना किये जाने के संबंध में है। उपर्युक्त मामले की जांच करवाई जा रही है। 26 जून को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लेटर भेजा था। जिसमें उन्होंने लिखा था- छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग के जवान विगत वर्षों में नक्सल विरोधी अभियानों में अपनी वीरता एवं अदम्य साहस का परिचय दे चुके हैं। ये दुर्गम क्षेत्रों की विषम परिस्थितियों में भी गुरिल्ला युद्ध में अभ्यस्त हैं। भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट का गठन राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय विकास और सामाजिक स्थिरता में योगदान देने वाली एक रणनीतिक पहल होगी। इसके साथ ही उन्होंने लिखा था यह बस्तर के युवाओं को राष्ट्र की सेवा करने के लिए एक सुनियोजित मार्ग प्रदान करेगी, साथ ही क्षेत्र में गौरव, अनुशासन और आर्थिक प्रगति को भी बढ़ावा देगी। अतः भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट की स्थापना किये जाने का सादर अनुरोध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार की संभावना जताई है। बस्तर रेजिमेंट के गठन को लेकर राज्य सरकार ने उम्मीद जताई है कि इससे बस्तर के युवाओं को भारतीय सेना में सेवा का नया अवसर मिलेगा।

## मूंग की 100 प्रतिशत खरीद के लिए भोपाल कूच, पुलिस बैरिकेड्स तोड़ सीएम हाउस के करीब पहुंचे हजारों किसान, बोले- अब यहीं डालेंगे डेरा, राशन-पानी लेकर आए हैं



भोपाल। मध्य प्रदेश में मूंग की फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर सौ फीसदी खरीदी की मांग को लेकर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है. नर्मदापुरम, हरदा, सीहोर, रायसेन, विदिशा समेत मालवा और नर्मदापुरम संभाग के 19 किसान संगठनों के बैनर तले हजारों किसानों ने राजधानी भोपाल के लिए पैदल और ट्रैक्टर मार्च शुरू कर दिया है.

भोपाल-नागपुर नेशनल हाईवे पर उग्र हुए किसानों ने लगाई गई पहली और दूसरी बैरिकेडिंग को ध्वस्त कर दिया और भोपाल की सीमा की ओर लगातार आगे बढ़ रहे हैं. किसान मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलकर अपनी समस्याएं रखना चाहते हैं. किसान संगठनों के अनुसार, राज्य सरकार की मौजूदा खरीदी नीति से उन्हें प्रति क्विंटल भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है.

राज्य सरकार ने समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ सिर्फ 1 क्विंटल 20 किलो मूंग खरीदने की ही सीमा तय की है. किसानों के मुताबिक, 1 एकड़ खेत में औसतन 4 से 5 क्विंटल मूंग की पैदावार होती है. सरकार ने मूंग की MSP 8 हजार 668 रुपये प्रति क्विंटल रखी है.

### खुले बाजार में नुकसान

कोटा सीमा तय होने के कारण किसानों को बची हुई 3 से 4 क्विंटल मूंग खुले बाजार में मजबूरीवश 4000 से 5500 रुपये प्रति क्विंटल के औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ रही है. इससे किसानों को हर क्विंटल मूंग पर 3000 से 4000 रुपये का सीधा नुकसान हो रहा है.

### हनुमान चालीसा पाठ से शुरुआत

संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसानों ने नर्मदापुरम के प्रसिद्ध सेठानी घाट पर धरना देकर और हनुमान चालीसा का पाठ करके इस मार्च का आगाज किया. हाथों में तिरंगा लिए और जय जवान, जय किसान के नारे लगाते हुए किसान देर शाम सीहोर जिले के बुधनी पहुंचे.

### रास्ते में ट्रॉली बनी घर

प्रशासन की तरफ से डीएम सोमेश मिश्रा और एसपी साईकृष्ण एस. थोटा ने नेशनल हाईवे पर किसानों को समझाने और रोकने की कोशिश की, लेकिन वार्ता बेनतीजा रही. किसान रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लाए गए खाने के पैकेट खाकर आगे बढ़ रहे हैं. ट्रॉलियों में ही गद्दे और बिस्तर लगाए गए हैं.

## जापान में 7.1 तीव्रता का भूकंप: शॉपिंग मॉल की दूसरी मंजिल ढही, 50 से अधिक लोग घायल; ट्रेन पलटी



टोक्यो। दक्षिणी जापान में 7.1 तीव्रता के भूकंप से व्यापक नुकसान हुआ है। कुमामोटो प्रांत में कई इमारतों में आग लग गई, ट्रेनें पटरी से उतर गईं और एक शॉपिंग मॉल को भी भारी नुकसान पहुंचा। राहत एवं बचाव दल आग बुझाने और बचाव कार्य में जुटे हैं। काशिमा शहर स्थित एक शॉपिंग मॉल की दूसरी मंजिल ढह गई, जिससे 50 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, कई लोग घायल हुए हैं।

### भारी नुकसान की आशंका

भूकंप के कारण हजारों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कई सड़कों में दरारें आ गईं। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक कम से कम 50 लोगों के घायल होने की जानकारी है। इनमें कुछ लोग आंशिक रूप से ढहे शॉपिंग मॉल के अंदर फंसे हुए हैं। सामने आए वीडियो दिख रहा है कि, जापान में कई जगहों पर इमारते क्षतिग्रस्त हो गई हैं। कुछ जगहों पर नदी के उपर बने पुल टूट गए हैं। इसके अलावा ट्रेन के डिब्बे-इंजन पटरी से उतरकर पलट गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 4.27 बजे आया। इसका केंद्र जमीन से करीब 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप का केंद्र कुमामोटो शहर से लगभग 20 किलोमीटर दक्षिण में था। कुमामोटो, क्यूशू द्वीप का सबसे बड़ा शहर है, जिसकी आबादी करीब सात लाख है। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन करीब एक घंटे बाद इसे वापस ले लिया गया। कुमामोटो में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद 48000 से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश: बिना आपराधिक रिकॉर्ड वाले सीजेपी प्रदर्शनकारियों को रिहा करें, राज्यों को सख्त कार्रवाई से रोका



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग में हुए छात्र प्रदर्शनों पर अहम अंतरिम आदेश जारी किया। कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि जिन प्रदर्शनकारियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, उन्हें तत्काल रिहा किया जाए और उनके खिलाफ फिलहाल कोई सख्त कार्रवाई न की जाए।

हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि पुलिस कानून के अनुसार एफआईआर दर्ज कर सकती है, लेकिन बिना आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। वहीं, जिन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है, उन्हें इस राहत के दायरे से बाहर रखा गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें आरोप लगाया गया है कि दिल्ली के जंतर-मंतर से शुरू होकर महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात, असम, पश्चिम बंगाल और केरल तक फैले छात्र प्रदर्शनों के दौरान पुलिस ने अत्यधिक बल प्रयोग किया।

### पैलेट गन, आंसू गैस और लाठीचार्ज के आरोप

याचिकाओं में दावा किया गया है कि नीट-यूजी 2026 पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। साथ ही पैलेट गन, आंसू गैस और इलेक्ट्रिक हथियारों के इस्तेमाल का भी आरोप लगाया (शेष पृष्ठ 6 पर...)


### छात्रों पर पुलिस कार्रवाई नहीं रुकी तो सीजेपी करेगी बड़ा शांतिपूर्ण आंदोलन-अभिजीत

छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट साझा कर चेतावनी दी है कि यदि छात्रों को परेशान करना। उन पर कार्रवाई नहीं रुकी तो सीजेपी बहुत जल्द ही बड़े पैमाने पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में छात्रों को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। उनके खिलाफ किसी भी तरह की विच-हंटिंग स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्हें टारगेट करना बंद करिए।

## मुआवजा दिलाने के नाम पर 50 हजार का रिश्वत! कलेक्ट्रेट कर्मचारी पर एसीबी का बड़ा एक्शन



रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कलेक्ट्रेट के राहत एवं आपदा प्रबंधन शाखा के बाबू राजकुमार सिदार को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उन्होंने सर्पदंश से मृत महिला के परिजनों को शासन की ओर से मिलने वाली मुआवजा राशि जारी कराने के बदले रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने जाल बिछाकर आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा। फिलहाल मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, बुलाकीग्राम निवासी विजय सिदार की पत्नी की सर्पदंश के कारण मौत हो गई थी। शासन की ओर से ऐसे मामलों में मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। आरोप है कि राहत राशि को पीड़ित के बैंक खाते में जारी करने के एवज में बाबू राजकुमार सिदार ने 50 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित ने रिश्वत की मांग से परेशान होकर मामले की शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने प्रारंभिक जांच की, जिसमें आरोपों की पुष्टि होने पर ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई (शेष पृष्ठ 6 पर...)







# पहला कॉलम...

## आज महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य जी सरस्वती का गुरुपूजन



राजनांदगांव (दावा)। श्रीमत परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ अनंत श्री विभूषित, आनंद कृष्ण धाम हरिद्वार के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य जी सरस्वती का गुरु पूर्णिमा महोत्सव राजनांदगांव के श्री अग्रसेन भवन में आज 29 जुलाई को आयोजित किया गया है। गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया, बाबूलाल अग्रवाल, कल्याण साहू, लक्ष्मण लोहिया एवं राकेश लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य जी सरस्वती का संस्कारधानी की पावन धरा में आगमन 26 जुलाई को हो चुका है। गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार संस्कारधानी नगरी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष में पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य जी सरस्वती का पूजन स्थानीय शिष्यों द्वारा अग्रसेन भवन में सुबह 9 बजे से आयोजित किया गया है।

## आज तुलसीपुर के सांई मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा




राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय तुलसीपुर (वार्ड नं. 17) स्थित श्री सांईनाथ पीर पैगम्बर दरबार सांई मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव अपार श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। समिति के सचिव अधिवक्ता तोरन सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार 29 जुलाई को प्रातः 8 बजे श्री रघुनाथ प्रसाद जी महाराज के पावन सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा एवं श्री सांई बाबा जी का भव्य महाभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे महाआरती संपन्न होगी। दोपहर 3 बजे से महिला मंडल द्वारा संगीतमय भजन-कीर्तन का विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। संध्या 6:30 बजे पारंपरिक संदल (जुलूस) का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसके उपरांत 7:30 बजे आरती होगी। रात्रि 8 से 10:30 बजे तक विशाल आम भंडारा एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रात्रि 9 बजे से क्षेत्र की विभिन्न ख्यातिलब्ध भजन मंडलियों द्वारा देर रात तक एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सांई दरबार समिति ने नगर एवं आसपास के समस्त धर्मप्रेमी जनता तथा बाबा के भक्तों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु पूर्णिमा के इन पावन अनुष्ठानों का धर्मलाभ उठाएं।

## आज युगांतर में पौधारोपण का प्रभावी आयोजन

राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में पौधारोपण का प्रभावी आयोजन शासकीय दिग्विजय ऑटोनामस महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुचित्रा गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में कल 29 जुलाई को प्रातः 10 बजे संपन्न होगा । यह पौधारोपण विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर के मार्गदर्शन में विद्यालय के इको क्लब के तत्वावधान में आयोजित होगा। इस संबंध में प्राचार्य मधुसूदन नायर ने कहा कि पौधारोपण हमारे पर्यावरण की रक्षा की अनिवार्य प्रकिया है। इसमें सभी विद्यार्थियों को जरूर भाग लेना चाहिए और सभी नागरिकों को इसके लिए अवश्य प्रेरित करना चाहिए। धरती का श्रृंगार पौधारोपण से ही संभव है। इस पुनीत कार्य से ही प्रकृति की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ वर्षा की नियमितता बनी रहती है।

## आज गुरु पूर्णिमा का भव्य आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार राजनांदगांव के द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव पूर्ण हर्षोल्लास के साथ 29 जुलाई बुधवार को उदयाचल रोड स्थित श्री रामदेव बाबा मंदिर में दोपहर 3 बजे से मनाया जाएगा। संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता (दोसर) ने संघ में सम्मिलित श्री अग्रहरि, अयोध्यावासी, कसौंधन, दोसर, गहोई एवं यज्ञसेनी वैश्य समाज के समस्त सामाजिक बंधुओ से सह परिवार उपस्थिति का निवेदन किया है। उक्त जानकारी संघ के सचिव शैलेष गुप्ता ने दी।

## आज जंगलपुर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम जंगलपुर में आज गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम में पं. राजू शर्मा कोलियारा वाले होंगे। धर्म उपदेश, गुरूपूजन, हवन पूजन, प्रसाद वितरण का कार्य्रम रहेगा। मुख्य व्यवस्थापक किशोर साहू एवं समस्त शिष्य परिवार ग्राम जंगलपुर सभी प्रेमी जनों से आग्रह कार्यक्रम लाभ उठाने अपील किया गया है।







# आज गुरु पूर्णिमा : 'तस्मै श्री गुरुवे नमः' की गूंज से गुंजायमान होगी संस्कारधानी, जगह-जगह गुरु पूजन

**राजनांदगांव (दावा)।** आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को आज पूरे अंचल भर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अत्यंत धूमधाम एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शिष्यों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आज दिनभर अपने-अपने सद्गुरुओं के प्रति श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का अद्भुत वातावरण देखने को मिलेगा। शिष्य अपने गुरुदेव के चरणों में नतमस्तक होकर गुरु भक्ति की पावन गंगा बहाएंगे। बता दें कि आज ही के दिन चार वेद, 18 पुराण, 108 उपनिषद तथा पंचम वेद 'महाभारत' के रचयिता भगवान श्री कृष्ण द्वैपायन व्यास (महर्षि वेदव्यास) जी का जन्म हुआ था। इसलिए गुरु पूर्णिमा के इस पावन पर्व को 'व्यास पूर्णिमा' भी कहा जाता है। इस अवसर पर पवित्र नदियों व सरोवरों में स्नान-ध्यान तथा दान-पुण्य का भी विशेष आध्यात्मिक महत्व है।




### गुरु संस्कृति, संस्कार और ज्ञान के पुंज : दिवाकर बाजपेई

शहर के युवा ज्योतिषी दिवाकर बाजपेई ने बताया कि गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति में गुरु के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं सर्वस्व समर्पण का प्रतीक है। यह पवित्र दिन हमें ज्ञान, संस्कार और आध्यात्मिक मार्ग दिखाने वाले पूज्य गुरुजनों के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा व्यक्त करने का सुअवसर प्रदान करता है। आज पूरे अंचल के वातावरण में तस्मै श्री गुरुवे नमः के पावन मंत्रों की गूंज सुनाई देगी।

**आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा पर पूरे अंचल में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का माहौल**

### प्रमुख मंदिरों व आश्रमों में गुरु पूजन के भव्य आयोजन

आज बुधवार 29 जुलाई को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरु पूर्णिमा पर्व की विशेष धूम रहेगी। शहर के गायत्री शक्तिपीठ से लेकर श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर (मिथिला धाम), सर्वेश्वरी समूह (भानपुरी) तथा जिले भर के प्रमुख मंदिरों व आश्रमों में गुरु पाद पूजन, सामूहिक गुरु वंदना, विशेष महाआरती व धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला आयोजित की गई है।

### गायत्री शक्तिपीठ में अखंड जप व यज्ञीय आयोजन

शहर के लखोली रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में एक दिन पूर्व से ही अखंड गायत्री मंत्र जाप का विशेष कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है। आज प्रातः से ही पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के पाद पूजन के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विभिन्न संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। इसके पश्चात भव्य यज्ञीय आयोजन में श्रद्धालु गुरुदेव के प्रति श्रद्धा-भक्ति व्यक्त करते हुए आहुतियां प्रदान करेंगे। इसी तरह अंचल के सभी प्रमुख आश्रमों व धर्मस्थलों में आज शिष्य गुरुभक्ति के रंग में रंगे नजर आएंगे। सनातन धर्मी जन अपने-अपने गुरुओं का स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे।

# समाज कल्याण विभाग की उप संचालक ने टीम के साथ अभिलाषा व मनोकामना मनोविकास शाला का किया निरीक्षण

**0 अभिलाषा संस्था पहुंची समाज कल्याण विभाग की प्रशासनिक टीम, व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए स्वच्छता पर दिया विशेष जोर**




समय-समय पर निरीक्षण से आती है कसावट: संतोष बोद्दुन

राजनांदगांव (दावा)। नगर में संचालित दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ शिक्षण, प्रशिक्षण सह-पुनर्वास संस्थान अभिलाषा एवं मनोकामना मनोविकास शाला का समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार द्वारा अपनी प्रशासनिक टीम के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में उप संचालक के साथ प्रमुख कलाकार बीरसिंहपुर साहू, तिहार सिंह ध्रुव, मुख्य लिपिक वर्ग-दो कमलेश शर्मा, हरि दास महंत एवं सुमित साहू शामिल थे।

### शैक्षणिक स्तर और छात्रावास व्यवस्था को परखा

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने अभिलाषा संस्था में अध्ययनरत दृष्टि एवं अस्थि बाधित दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक स्तर को परखा। इस दौरान शिक्षकों की दैनंदिनी (डायरी), बच्चों की कॉपियां तथा उन्हें दिए जाने वाले गृहकार्य (होमवर्क) का अवलोकन किया गया। इसके साथ ही छात्रावास में रह रहे उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों से भोजन एवं अन्य आवासीय व्यवस्थाओं की सीधी जानकारी ली गई। टीम ने संस्था परिसर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए तथा संस्था स्तर पर की गई समस्त व्यवस्थाओं की सराहना की। निरीक्षण के समय संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव, प्राचार्य श्रीमती वंदना तुरहाते, शिक्षक कुशालचंद जंघेल, महेंद्र सिंह यादव, नरेंद्र देवदास, वीरेंद्र गंधर्व, नामी सिंह ठाकुर, भूपेश देशलहरा, मालती श्रीवास्तव, आराधना महोबिया, अंजू शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक गौतम पारख, अध्यक्ष संतोष कुमार बोद्दून, सचिव श्रीमती रूपम सोनछत्रा, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार बाजपेयी, संयुक्त सचिव आलोक बिंदल, राजेश अग्रवाल, जनसंपर्क प्रभारी सूरज बुद्धदेव, उपाध्याय श्रीमती गीता राठौर, सदस्य संतोष खंडेलवाल, सुदामा मोटलानी, महेश खंडेलवाल, श्रीमती मोनिका बरडिया एवं अमृता खंडेलवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले आकस्मिक निरीक्षण से व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार के साथ-साथ कसावट भी आती है। यह संपूर्ण जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा प्रदान की गई।

# नगर निगम ने जनता को संकट में डाला, क्या महापौर का पावर घट गया है : संतोष पिल्ले



**बदहाल सड़कों, गड्ढों और अंधेरे में डूबे वार्डों को लेकर नगर निगम पर बरसे नेता प्रतिपक्ष**

राजनांदगांव (दावा)। शहर की बदहाल सड़कों, उखड़ते डामरीकरण और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को लेकर नगर निगम की कार्यप्रणाली एक बार फिर तीखे सवालों के घेरे में है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि निगम प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण शहरवासी बारिश के इस मौसम में नारकीय जीवन जीने और गंभीर परेशानियों का सामना करने को मजबूर हैं। उन्होंने महापौर की भूमिका पर भी सीधा सवाल उठाते हुए पूछा कि आखिर जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए वे प्रभावी पहल क्यों नहीं कर पा रहे हैं?

### करोड़ों की सड़कें उखड़ीं, गड्ढों में तब्दील हुआ शहर

श्री पिल्ले ने मंगलवार को शहर की सड़कों और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई कई नई डामर सड़कें कुछ ही महीनों में उखड़ने लगी हैं। जबकि पुरानी सड़कें पहले से ही बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। पूरे शहर में जगह-जगह बने इन गड्ढों के कारण वाहन चालकों और राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। बारिश का पानी भर जाने से दोपहिया वाहन चालक आए दिन हादसों का शिकार होकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन निगम प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है।


### नए खंभे बने शो-पीस, अंधेरे में डूबे कई वार्ड

स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पर आक्रोश व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि शहर में नए बिजली खंभे तो खड़े कर दिए गए हैं, लेकिन उनमें अब तक लाइटें नहीं लगाई गई हैं। वहीं दूसरी ओर, कई पुराने खंभे जर्जर हालत में हैं और उनकी लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं। शाम ढलते ही शहर के कई वार्ड अंधेरे में डूब जाते हैं। बारिश के दिनों में अंधेरे के कारण सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जीव-जंतु रिहायशी इलाकों में निकल रहे हैं, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। श्री पिल्ले ने सत्तापक्ष को घेरते हुए सवाल उठाया कि जब प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है और नगर निगम में भी भाजपा के महापौर हैं, तो फिर शहर की मूलभूत समस्याओं का समाधान क्यों नहीं हो पा रहा है? उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि क्या महापौर की शक्तियां कम कर दी गई हैं या फिर वे जनसमस्याओं को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं?

### त्वरित कार्रवाई की मांग, दी आंदोलन की चेतावनी

नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने निगम प्रशासन से मांग की है कि शहर के सभी 51 वार्डों में सड़कों के गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। जर्जर और खराब बिजली खंभों को अविलंब बदला जाए। नए खंभों में जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइटें लगाकर बंद पड़ी लाइटों को चालू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम प्रशासन और महापौर ने समय रहते इन जनसमस्याओं का स्थायी समाधान नहीं निकाला, तो कांग्रेस पार्टी जनता के हक के लिए सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# युगांतर पुन : सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल विजेता



राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगाँव की बालक अंडर 19 आयु वर्ग की बास्केटबॉल टीम सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा में पुनः विजेता रही है। पिछली विजेता युगांतर की टीम ने सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा में पुनः स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान रचा है।

टीम के हिमांशु सिंह को प्रतिस्पर्धा का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। टीम ने खिताबी भिड़न्त में श्री एकेडमी सिलीगुड़ी 49-18 से एक तरफा परास्त कर स्वर्ण पदक जीता । इसके पहले टीम ने लीग मैच में आर्या वर्त पब्लिक स्कूल खुर्दा को 49-00 अंकों से, दिव्या आर्या विद्यापीठ विष्णुपुर को हराकर क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया। क्वार्टर फाइनल मैच में टीम ने रिवर साइड स्कूल बुरनपुर को 44-06 अंकों से परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तत्पश्चात् टीम ने

सेमीफाइनल में ज्ञान विकास इंग्लिश मिडियम स्कूल को परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए स्कूल के पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि विद्यालय की टीम पिछले कई वर्षो से क्लस्टर और नेशनल चैंपियन रही है। इस सत्र में टीम का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। उन्होंने आगे बताया कि फाइनल खिताबी भिड़न्त में शुभम सिंह (कप्तान ), हिमांशु सिंह, कालवा सर्वज्ञ राव, रूहान, कालवा अथर्व राव, अथर्व प्रताप सिंह,चिराग चंदेल, धर्मवीर सिंह, सुजल प्रजापत, वीं यशवंथ, ज्ञानेश्वर वीं, युवान सारडा ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने कोच इंटरनेशनल कोच कालवा राजेश्वर राव, असिस्टेंट कोच नवनीत द्विवेदी के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन किया। टीम की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने बधाई दी

# जिले की 1698 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का हुआ नि:शुल्क सोनोग्राफी



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को विशेष जांच, इलाज एवं प्रबंधन का कार्य किया जा रहा है। इस प्रयासों से जिले में मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी दर्ज की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में वर्तमान में 2043 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की सेहत की निगरानी के लिए प्रति सप्ताह दूरभाष के माध्यम से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। शासकीय अस्पतालों एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सहयोग से जिले की गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क सोनोग्राफी की सुविधा दी जा रही है। अब तक 1698 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की एक बार तथा 1237 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की दो बार नि:शुल्क सोनोग्राफी कर जांच एवं आवश्यक उपचार किया गया है। ऐसी गर्भवती महिलाएं, जिनकी प्रसव की संभावित तिथि में केवल 15 दिन शेष हैं, उनके घरों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विशेष रूप से गृह भेंट (होम विजिट) कर स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक परामर्श तथा सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए आवश्यक तैयारियों की जानकारी दी जा रही है। इस दौरान महिलाओं को प्रसव के लिए मानसिक रूप से तैयार करने, संस्थागत प्रसव के लाभ बताने एवं आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पीएमएसएमए दिवस पर आयोजित विशेष शिविरों, नियमित फॉलोअप एवं आईएमए के डॉक्टरों के सहयोग से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं दी जा रही है। जिससे जिले में सुरक्षित प्रसव की संख्या बढ़ी है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
3-4-9
589-2 899-6
राजधानी
1-7-0
590-4 228-2

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

---

**तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं................. बी-121 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखराम आ केजूराम निवासी शहर/ग्राम ककरेल प.ह.नं. 59 तहसील व जिला-राजनांदगांव द्वारा अपने अन्य भाभी फूलभाई आ. गनेश जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 05/08/2026 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 28/07/2026 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 28/07/2026
सुनवाई दिनांक 05/08/2026

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202607095300003
ब-121 वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक शीतल जोशी पिता दुलरवा जोशी जाति सतनामी निवासी ग्राम बिलहरी, तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि, आवेदक का पुत्र प्रकाश जोशी पिता शीतल जोशी का जन्म दिनांक 03/06/2014 को ग्राम बिलहरी में हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक का पुत्र प्रकाश जोशी पिता शीतल जोशी का जन्म दिनांक 03/06/2014 को ग्राम बिलहरी में होने के कारण जन्मतिथि दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनाक 29/07/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 17/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202607095300004
ब-121 वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक नेतराम पिता गैंदू जाति सतनामी निवासी ग्राम बिलहरी, तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि, आवेदक का पुत्र दुर्गेश पिता नेतराम का जन्म दिनांक 08/12/2012 को ग्राम बिलहरी में हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक का पुत्र दुर्गेश पिता नेतराम का जन्म दिनांक 08/12/2012 को ग्राम बिलहरी में होने के कारण जन्मतिथि दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 29/07/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

---

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास विभाग) खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**E-mail id - kcgactd@gmail.com**

क्रमांक 1657/ आजाक / लघु निर्माण/2026-27 खैरागढ़, दिनांक 27/07/2026

**// संक्षिप्त निविदा आंमत्रण सूचना //**

लोक निर्माण विभाग के एकल पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''डी'' एवं अपर श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से मुहर बंद निविदाएं प्रपत्र ''अ'' में मुख्य अभियंता लो.नि.वि. भवन निर्माण दिनांक 01.01.2015 की प्रचलित (अद्यतन संशोधित सहित) दर पर निविदा नि:शर्त सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के कार्यालय (कक्ष क्रमांक 29) में आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि - **दिनांक 06.08.2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक**
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि - **दिनांक 10.08.2026 सायं 5.00 बजे तक**
3. स्पीड पोष्ट/रजिस्ट्री द्वारा भरी निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - **दिनांक 19.08.2026 सायं 5.00 बजे तक**
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - **दिनांक 20.08.2026 अपरान्ह 03.00 बजे**

| क्र. | कार्य का विवरण | विकासखण्ड | कुल कार्यों की संख्या | कुल कार्य की लागत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के अंतर्गत संचालित विभागीय छात्रावास / आश्रम भवनों में अनुरक्षण/लघु निर्माण एवं लाईब्रेरी की स्थापना कार्य वर्ष 2026-27 | खैरागढ़ एवं छुईखदान | 21 | 28.37 लाख (रू. अठ्ठाईस लाख सैंतीस हजार) |

**टीप :-** निविदा की शर्ते एवं कार्यो से संबंधित समस्त जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी- 262702390/2

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास**
**जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

# त्रिनेत्र के लिये व्यापारियों से जमा लाखों रुपयों का क्या हुआ, शहरवासियों को दी जाए जानकारी : बजरंग दल

### 0 विहिप-बजरंग दल ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, त्रिनेत्र योजना की जांच और सीसीटीवी चालू करने की मांग

### 0 विगत दो वर्षों से अधर में लटकी है त्रिनेत्र योजना, शहर में बढ़ती चोरियों पर विहिप ने जताई चिंता



राजनांदगांव (दावा)। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने आज जिलाधीश (कलेक्टर) महोदय को नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगाए जाने वाले प्रस्तावित सीसीटीवी कैमरों की जांच कराने तथा उन्हें शीघ्र चालू करवाने के संबंध में एक मांग पत्र सौंपा। पदाधिकारियों ने जिलाधीश को अवगत कराया कि लगभग दो वर्ष पूर्व शहर के प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में त्रिनेत्र योजना के तहत बड़ी संख्या में कैमरे लगाए जाने का जोर-शोर से प्रचार किया गया था। इस योजना को प्रदेश की पहली अभूतपूर्व योजना बताकर शहर के व्यवसायियों एवं उद्योगपतियों से लाखों रुपये जमा कराए गए थे। परंतु आज दिनांक तक इस योजना की क्या स्थिति है, कितने कैमरे लगाए गए या नहीं लगे–इसकी कोई भी जानकारी शहर के नागरिकों, व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को नहीं दी गई है।

#### बढ़ती चोरियों से व्यापारियों में आक्रोश

विहिप-बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि विगत कुछ महीनों में शहर में हुई लगातार चोरियों से आक्रोशित होकर व्यापारियों ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। पदाधिकारियों ने कलेक्टर से निवेदन किया कि नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल निष्पक्ष जांच करवाकर सभी सीसीटीवी कैमरों का व्यवस्थापन, रखरखाव एवं निगरानी सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही, इस योजना के तहत कुल कितना फंड जमा हुआ था। इसका ब्योरा भी सार्वजनिक किया जाए।

#### बाहरी व्यक्तियों के आगमन की जांच हेतु सौंपा अलग ज्ञापन

विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधियों ने जिले एवं आसपास के क्षेत्रों में बाहरी व्यक्तियों के अचानक बढ़ रहे आगमन पर भी गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति से राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक समरसता एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। जिले में संभावित घुसपैठियों व संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों की जांच और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई किए जाने हेतु भी एक अलग ज्ञापन जिलाधीश को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर प्रांत विधि प्रकोष्ठ के संयोजक अरुण गुप्ता, विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष योगेश बागड़ी, जिला विशेष संपर्क प्रमुख लाल मुनाई सिंह, नगर अध्यक्ष शिव वर्मा, नगर उपाध्यक्ष योगेश मुदलियार, बजरंग दल के नगर संयोजक मोहित यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। यह संपूर्ण जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री अंकित खंडेलवाल ने एक विज्ञप्ति में दी।

# संस्कारधानी में गूंजेगी हर-हर महादेव की गूंज, श्री अयोध्या धाम में होगा सवा लाख पार्थिव चिंताहरण शिव पूजन

### 0 कैलाश नगर स्थित श्री जलाराम राम मंदिर में 5 से 11 अगस्त तक होगा भव्य आयोजन

### 0 रोज बनेंगे अलग-अलग यंत्र, समुद्र व प्रमुख नदियों के पवित्र जल से होगा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में इस वर्ष भी श्री अयोध्या धाम श्री जलाराम राम मंदिर कैलाश नगर के तत्वावधान में पवित्र श्रावण मास के पावन अवसर पर जन-कल्याण हेतु सप्त दिवसीय सवा लाख पार्थिव चिंताहरण शिव पूजन महाअनुष्ठान का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह पवित्र अनुष्ठान आगामी 5 अगस्त (बुधवार) से 11 अगस्त तक प्रतिदिन अपराह्न 3:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पूरा परिसर हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से गुंजायमान रहेगा।

#### प्रतिदिन बनेंगे अलग-अलग यंत्र, होगा विशेष द्रव्यों से अभिषेक

आयोजन समिति ने बताया कि सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण और रुद्राभिषेक के इस दुर्लभ अनुष्ठान में प्रतिदिन मिटटी के शिवलिंगों से अलग-अलग यंत्रों की संरचना की जाएगी। भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए समुद्र जल, देश की सभी प्रमुख नदियों के जल तथा वर्षा के जल सहित विभिन्न औषधीय द्रव्यों से प्रतिदिन विशेष अभिषेक किया जाएगा। इसके साथ ही छप्पन भोग, दीपदान एवं उज्जैन की तर्ज पर भव्य महाकाल आरती जैसे पुण्य कार्य संपन्न होंगे, जो श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और पारिवारिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

#### पार्थिव पूजन से दूर होते हैं जीवन के समस्त संकट

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पं. मनोज शांति लाल शुक्ला ने बताया कि शिव पुराण के अनुसार पार्थिव शिवलिंग (मिट्टी के शिवलिंग) की पूजा को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। पार्थिव शिवलिंग को साक्षात चिंताहरण महादेव कहा जाता है, जिनके केवल दर्शन मात्र से ही मनुष्य की चिंताएं, मानसिक तनाव और जीवन के संकट दूर हो जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस विशेष आराधना से भगवान शिव अत्यंत शीघ्र प्रसन्न होकर मनोवांछित फल और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। श्री जलाराम राम मंदिर समिति एवं पं. मनोज शुक्ला ने राजनांदगांव एवं आसपास के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित इस दुर्लभ एवं अलौकिक आयोजन में उपस्थित होकर सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक व आरती का धर्मलाभ उठाएं तथा शिव परिवार की कृपा प्राप्त करें।

# भाजपा का आज संत शिरोमणि गुरु रैदास की 650वीं जयंती पर देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान

**भाजपा आज से पूरे देश में चलाएगी समरसता संकल्प अभियान, पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश मंत्री ने दी जानकारी**




राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संत शिरोमणि श्री गुरु रैदास की 650वीं जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। गुरु भक्ति के इस पावन और पवित्र दिन को भाजपा पूरे देश भर में समरसता संकल्प अभियान के रुप में मना रही है। इस दिन गुरु पूर्णिमा की संध्या भाजपा देशभर के मंदिरों में समरसता दीप महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है। जिसकी पार्टी द्वारा भव्य तैयारियां की गई है। उक्त संदर्भ में मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा के मंत्री जीतेंद्र वर्मा द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रदेश तेलघानी बोर्ड के जीतेंद्र साहू, प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ कार्यालय प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि, श्रम बोर्ड के योगेश दत्त मिश्रा,अमर ललवानी, तरुण लहरवानी, विजय राय,टीकेश साहू, रघु शर्मा, योगराज जगने की उपस्थिति में श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा द्वारा समरसता संकल्प अभियान का शुभारंभ आज 29 जुलाई को श्री गरु पर्णिमा के पावन अबसर पर होगा।

#### देशभर के मंदिरों में समरसता दीप प्रज्वलित

इस दिन संध्या के समय देशभर के भी मंदिरों में श्री गुरु रविदास महाराज प्रज्वलित किए जाएंगे। इसी क्रम में 11 हजार दीप मत रविदास घाट वाराणसी में प्रज्वलित किए समरसता दीप महोत्सव के अंतर्गत 51000 स्थानों पर अधिक से अधिक संख्या में दीप जाएंगे। दीप महोत्सव से पर्व भजन मास्कतिक कार्यक्रम तथा धार्मिक प्रवचनों का आयोजन होगा और उसके उपरांतल प्रसाद वितरण की समचित व्यवस्था की जाएगी। दीप महोत्सव में मंदिर के आसपास के सभी समाज के वर्गों के लोगों तथा पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की अधिक से अधिक आगीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने भाजपा के चिंतक तरुण चुग के हवाले से बताया कि 29 जलाई से 10 सितंबर तक श्री गरु रविदास महाराज कलश वंदन अभियान चलाया जाएगा। 29 जलाई को वाराणसी स्थित सत गरु रविदास महाराज की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सभी प्रदेशों की टोलियों को पवित्र मिटटी से भरा सुसज्जित 131 पवित्र कलश प्रदान किये जाएँगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय मार्ग में स्वागत कार्यक्रमों के साथ इन कलशों को अपनी-अपनी राजधानी तक ले जाएँगी अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी योगी आदित्यनाथ जी उत्तर प्रदेश उपस्थित रहेंगे। प्रदेश होलियां जन्मस्थली की पावन मिट्टी को 21,000 कलशों में स्थापित कर देशभर के राज्यों जिलों और मंदिरों तक पहुँचाया जाएगा।

#### पहुंचेंगे गुरु के पवित्र मिट्टी भरे कलश

उन्होंने बताया कि वहां किसी श्री गुरु रविदास महाराज मंदिर अथवा उपयुक्त मंदिर में उनकी स्थापना करेंगी। इसके बाद प्रदेश स्तर पर धार्मिक एवं सामाजिक नेताओं तथा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में पवित्र कलश जिला टोलियों को सौंपे जाएंगे और जिला स्तर पर प्रत्येक श्री गुरु रविदास महाराज मंदिर, मंडल इकाई अथवा ऐसे सामाजिक संगठनों को सौंपे जाएँगे, जो अपने क्षेत्र में इस कार्यक्रम का आयोजन करना चाहते हो। इन सभी कार्यक्रमों में भजन, धार्मिक प्रवचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा पार्टी के नेताओं के संबोधन भी होंगे। वह पवित्र मिट्टी मंदिर अथवा ग्राम स्तर अथवा निर्माणाधीन मंदिरों के गर्भगृह के निर्माण कार्य में उसका उपयोग किया जाएगा। पूरे अभियान के दौरान पवित्र कलश एवं पवित्र मिट्टी की पवित्रता, गरिमा और सम्मान का हर स्तर पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।

#### गुरु रविदास महराज समरसता यात्रा

प्रेसवार्ता में बताया गया कि फ्रांसीसी क्रांति और अब्राहम लिंकन के स्वतंत्रता संबंधी भाषणों से सदियों पहले श्री गुरु रविदास महाराज ने दुनिया को समानता और समरसता के विचार दिए। गुरु रैदास द्वारा दिखाए गए मार्ग पर भाजपा चल रही है और सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास को ध्येय वाक्य बनाते हुए प्रधानमंत्री मोदी मोदी द्वारा देश को सही दिशा दिया जा रहा है। संकल्प का मूल आधार बने यह स्लोगन और यह अभियान सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के निर्माण का जन आंदोलन बनेगा। उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक गुरु रैदास की जन्मस्थली गोवर्धन पुर वाराणसी से श्री गुरु रविदास महराज समरसता यात्रा निकाली जाएगी। उक्त यात्रा सहित आज गुरु पूर्णिमा के दिन से आयोजित समरसता संकल्प अभियान में पार्टी द्वारा सभी संत महात्माओं सामाजिक संगठनों, मंदिर समितियों,जन प्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों तथा समाज के सभी वर्गों से इस अभियान शामिल होने सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया है।

# राष्ट्रव्यापी गौ-सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत निकाली गई भव्य गौ सम्मान शोभायात्रा



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय राजनांदगांव में भव्य गौ सम्मान शोभायात्रा निकाली गई। गौ सम्मान शोभायात्रा महावीर चौक से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौक, गुड़ाखु लाईन, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा जीई रोड, अम्बेडकर चौक होते हुए जिला कार्यालय पहुंचेगी। जहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम अभियान अंतर्गत एकत्रित लगभग 3.50 लाख से अधिक हस्ताक्षरों के साथ गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा प्रदान करने तथा केंद्रीय गौ मंत्रालय की स्थापना की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। शोभायात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, गौ महिमा एवं गौमाता की उपयोगिता पर आधारित पोस्टर, बैनर तथा जनजागरण संदेशों के माध्यम से नागरिकों को गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। गौ सम्मान शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गौ पालक, गौ सेवक उपस्थित थे।

# 'हरी वेशभूषा में नन्हें कदम' रॉयल किड्स कान्वेंट बाल वाटिका और प्राथमिक शाला में मनाया गया ग्रीन डे




राजनांदगांव (दावा)। 'रॉयल किड्स कान्वेंट राजनांदगांव' पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए प्राथमिक शाला और बाल वाटिका में 'ग्रीन डे' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दिन नन्हे बच्चों ने हरे रंग की ड्रेस पहनकर हरियाली एवं प्रकृति प्रेम की भावना को प्रस्तुत किया। बच्चों ने घर से टिफिन में हरी सब्जियां और फल लाए तथा केले के पत्ते पर सामूहिक लंच किया। शाला परिसर में बच्चों द्वारा ग्रीनरी पर आधारित सुंदर पोस्टर बनाए गए हरियाली और प्रकृति के लिए कविता पाठ किया गया। पौधारोपण किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को पेड़-पौधों के महत्व और पर्यावरण बचाने के उपायों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया की 'पेड़ लगाओ जीवन बचाओं' के नारे को सार्थक कर दिखाएंगे। कार्यक्रम में गेस्ट के रूप में श्रीमती प्रेरणा चिरवत्तकर जी उपस्थित रहीं। उन्होने बच्चों की हरियाली से संबंधित कलाकृतियां कविता पाठ की भूरिभूरि प्रशंसा की। जिन्हें शाला के प्रशासक संजय बहादुर सिंह ने पुष्प का पौधा भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर्स सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती पूजा सिंह, श्रीमती जानवी सिंह, श्रीमती ईला सिंह, बरसर आई.के. वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। शाला के एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने बच्चों को 'ग्रीन डे' की शुभकामनाएं दीं और पर्यावरण संरक्षण के लिए इसी तरह आगे बढ़ते रहने को प्रोत्साहित किया। शाला के प्रशासक संजय बहादुर सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना बचपन से ही विकसित होती है। नर्सरी की कैप्टन शिविका सिंह ने 'गो ग्रीन' के नारे लगाए और शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

# सीताराम बैंक में संकलित हुए 3.83 करोड़ से अधिक रामनाम, भक्तों में अपार उत्साह

**राजनांदगांव (दावा)।जी.ई. रोड स्थित श्रीराम धाम अयोध्या पार्रीनाला में आज 'गुरु पूर्णिमा' महापर्व अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सीताराम बैंक की स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य रामधुन भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है।**

**श्रीराम धाम अयोध्या पार्रीनाला में गुरु पूर्णिमा पर गूंजेगी रामधुन, आज होगा भव्य आयोजन**

गौरतलब है कि रामभक्तों के सामूहिक प्रयास से 'सीताराम बैंक' में कुल 3,83,83,838 (तीन करोड़ तिरासी लाख तिरासी हजार आठ सौ अड़तीस) लिखित रामनाम मंत्रों के पत्रक संकलित कर जमा किए जा चुके हैं। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के उपलक्ष्य में क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी और रामभक्त एकजुट होकर गुरु पूर्णिमा पर्व को धूमधाम से मना रहे हैं।

कार्यक्रम का आयोजन 29 जुलाई को प्रातः 11 से अपराह्न 3 बजे तक श्रीराम धाम अयोध्या पार्रीनाला (जी.ई. रोड के पास) राजनांदगांव में रामधुन जाप, भजन-कीर्तन, हवन-पूजन एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान ऐसे श्रद्धालु जो स्वयं 'रामनाम' लिखना चाहते हैं। उन्हें निःशुल्क रामनाम लेखन पत्रक वितरित किए जाएंगे। इस पावन अभियान और आयोजन को सफल बनाने में पार्टी मंदिर के पुरोहित बाबा राम कुमार साहू, बोरी के पुरोहित विजयानंद बाबा, पेंड्री के जनमेजय, भजन गायिका आकृति बाजपेयी, सुरेखा साहू (चिखली), अधिवक्ता विष्णु साव (हीरामोती लाईन), हरिराम राठौर, हरिनारायण साहू, सुलक्ष्णा (शिक्षक नगर), दीक्षा देवांगन (शंकरपुर), साधना मिश्रा (दीवान पारा), किरण रजक (पुराना ढाबा), पूनम ठाकुर (रामनगर), विद्या क्षत्रिय (शिव नगर) तथा रामभक्त पूरण लाल मैत्रेय का विशेष योगदान रहा है। श्रीराम धाम अयोध्या पार्टीनाला के पुजारी महंत रामकुमार साहू एवं पूरन लाल ने समस्त धर्मप्रेमी जनता व रामभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मना दादा गुरुदेव जिनदत्त सूरी जी का स्वर्गारोहण महोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में गत 25 जुलाई को जैन समाज के प्रथम दादा गुरुदेव श्रीमद् जिनदत्त सूरी का स्वर्गारोहण महोत्सव अत्यंत गरिमापूर्वक और भावभीने माहौल में संपन्न हुआ। पूरे दिन चले विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में समाजजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दादा गुरुदेव के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा व्यक्त की। महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 7 बजे ओसवाल लाइन स्थित दादाबाड़ी परिसर में गुरु इकतीसे के पाठ के साथ हुआ। प्रातःकालीन बेला में दादाबाड़ी गुरुदेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। पाठ समापन के उपरांत भाग्यशाली छह प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। तत्पश्चात महाआरती एवं मंगल दीपक की बोली लगाई गई, जिसका धर्म लाभ क्रमशः बाबूलाल नखत एवं पंकज कोठारी ने प्राप्त किया। आरती के उपरांत नेमभवन में उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए नवकारसी (अल्पाहार) की व्यवस्था की गई थी। जिसके लाभार्थी प्रसन्न गोलछा रहे।

#### गुणानुवाद सभा, महापूजा एवं गुरुप्रसादी

धार्मिक श्रृंखला की अगली कड़ी में पूज्य संतों की पावन निश्रा में गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया। संतों ने अपने प्रवचन में दादा जिनदत्त सूरी के जीवन, उनकी साधना, जैन धर्म के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान और उनकी दिव्य शक्तियों का स्मरण कराया। प्रवचन के तुरंत बाद दादा गुरुदेव की अष्टप्रकारी महापूजा प्रारंभ हुई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर में पूजा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए भव्य 'गुरुप्रसादी' (स्वामीवात्सल्य) का आयोजन किया गया। जिसके लाभार्थी धनराज जी छाजेड़ थे।

#### सुमधुर भजनों से थिरके श्रद्धालु, विशिष्ट जनों का सम्मान

महोत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में रात्रि 7 से 11 बजे तक संगीतमय गुरु भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। इसमें क्षेत्र के सुप्रसिद्ध भजन गायक राहुल झाबक ने अपनी सुमधुर एवं मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमने लगे। कार्यक्रम के अंत में दादा जिनदत्त सूरी संघ के पदाधिकारियों द्वारा गायक राहुल झाबक का भावभीना अभिनंदन व सम्मान किया गया। इसके साथ ही आयंबिल भवन में लंबे समय से अनवरत निष्काम सेवा देने के लिए श्रीमती राजोबाई बोथरा (धर्मपत्नी कंवरलाल बोथरा) को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस पूरे आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से सफल बनाने में दादा जिनदत्त सूरी संघ के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। संघ के सुरेश ललवानी, मनोज झाबक, प्रकाश ललवानी, सुशील छाजेड़, लूणकरण चोरड़िया, नंदू नखत, गौतम नखत, भव्य शाह, फ़ानेन्द्र बैद, प्रसन्न गोलछा, रमेश बैद, विकास दुगड़, मनीष कोठारी, मनीष भंसाली, कल्पेश शाह एवं आकाश ओस्तवाल सहित पूरे जैन समाज के युवाओं और वरिष्ठों ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

# तुमड़ीबोड़ पुलिस के हत्थे चढ़े ट्रैक्टर बैटरी चोर गिरोह

**7 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश, भेजा जाएगा जेल**



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र के तुमड़ीबोड चौकी पुलिस द्वारा अपने चौकी क्षेत्र के ट्रैक्टरों से चोरी करने वाले बैटरी चोरों को धर दबोचा है। पुलिस ने चोरों के साथ-साथ उनसे चोरी की बैटरी खरीदने वाले कबाड़ियों को भी गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्रेस वार्ता लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर सीएसपी वैशाली जैन ने बताया कि चोरों से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई 12 ट्रैक्टरों की बैटरियां, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं नगद राशि बरामद की गई है वहीं चोरी, खरीद-बिक्री एवं खपाने की पूरी श्रृंखला का खुलासा करते हुए कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान उपस्थित तुमड़ीबोड़ चौकी प्रभारी धनीराम नारंगे ने बताया कि आरोपियों ने राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ट्रैक्टर बैटरी चोरी की कई वारदातें करना स्वीकार किया। साथ ही उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध पूर्व से भी संपत्ति संबंधी अपराध दर्ज हैं।

0 चोरों ने की थी 12 बैटरियों की चोरी

नारंगे ने बताया कि बैटरी चोरी की घटना के संबंध में प्रार्थी परमेन्द्र कुमार सिन्हा निवासी ग्राम सांगिनकछार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 21/22 जुलाई की रात्रि अज्ञात चोरों ने सड़क किनारे खड़े उनके महिन्द्रा ट्रैक्टर एवं समीप खड़े अन्य ट्रैक्टर से बैटरियां चोरी कर ली थी। चोरी गई दोनों बैटरियों की अनुमानित कीमत लगभग 16,000 रुपये थी। रिपोर्ट पर पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ में अपराध क्रमांक 314/26, धारा 303(2), 317(2), (3,5) बीएनएस पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर सूचना एवं गवाहों के कथनों के आधार पर चोरी की बैटरियों की खरीद-बिक्री की पूरी श्रृंखला का खुलासा किया। विवेचना में पता चला कि चोरी की गई बैटरियां चिचोला निवासी अजहर खान द्वारा खरीदी गई थीं। पूछताछ में उसने बैटरियां सुजीत देवार एवं सुकत देवार से खरीदना स्वीकार किया। दोनों से पूछताछ करने पर बैटरियां भीखम राम यादव एवं गणेश राम साहू द्वारा बेचना स्वीकार किया गया। गहन पूछताछ करने पर बताया की उन्होंने अलग-अलग तिथियों में तिलईरवार, विचारपुर नवागांव, सांगिनकछार, भंडारपुर (डोंगरगढ़), मेढ़ा, पटपर (चिचोला) एवं धौराभाठा सहित विभिन्न ग्रामों में सड़क किनारे एवं कोठारों में खड़े ट्रैक्टरों से कुल 12 ट्रैक्टर बैटरियां कीमती 96000 रूपये चोरी की थीं।

0 चोरी कर अलग-अलग जगह बेची गई बैटरियां

आरोपियों ने चोरी की गई 10 बैटरियां करण मरकाम के माध्यम से नईम खान को तथा 2 बैटरियां सुजीत देवार एवं सुकत देवार को बेचना स्वीकार किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न आरोपियों के कब्जे से 12 ट्रैक्टर बैटरियां, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं बिक्री से प्राप्त नगद 8000 रूपये जुमला कीमती 1,35,000 रूपये बरामद कर विधिवत जप्त की। विवेचना के दौरान यह भी सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी हैं तथा उनके विरुद्ध पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़, थाना डोंगरगढ़ एवं अन्य थाना क्षेत्रों में संपत्ति संबंधी अपराध पूर्व से दर्ज हैं। बैटरी चोरी के मामले में आरोपियों के विरूद्ध पुलिस चौकी तुमडीबोड़ में अप.क्र. 314/26, 315/26, 316/26, 317/26 एवं थाना डोंगरगढ़ में अ.क्र. 418/26 अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

0 पुलिस के हत्थे चढ़े बैटरी चोरी के आरोपी

चौकी प्रभारी नारंगे ने बताया कि बैटरी चोरी के धरे गए आरोपियों में भीखम राम यादव पिता मदन यादव उम्र 26 वर्ष निवासी दिवानभेड़ी वार्ड नं. 14, गणेश राम साहू पिता स्व. कार्तिक साहू उम्र 40 वर्ष निवासी जरवाही वार्ड नं. 14, करण मरकाम पिता बेरसिंह मरकाम उम्र 26 वर्ष साकिन बिजेभाठा वार्ड नं. 13 तथा नईम खान पिता ईलियास खान उम्र 39 वर्ष निवासी बहरामपुर मोरना हकीम के बैठक के पास थाना जानी जिला मेरठ (उ.प्र.) वर्तमान पता हमाल पारा राजनांदगांव, सुजीत देवार पिता अशोक देवार उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बाबूटोला वार्ड नं. 12, सुकत देवार पिता निर्मल देवार उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बाबूटोला वार्ड नं. 12 एवं अजहर खान पिता अब्दुलरब खान उम्र 32 वर्ष साकिन ग्राम चिचोला वार्ड नं.16 तीनों पुलिस चौकी चिचोला है। सभी आरोपियों को गिरफतार न्यायालय ने पेश किया गया जहां से उन्हें जेल की सलाखों में भेज दिया जाएगा।

## अनमोल दावा

*प्रयास करने पर चाहे लक्ष्य मिले या अनुभव, दोनों ही अनमोल होते हैं.*

## सम्पादकीय

समस्याओं का समाधान शान्तिपूर्वक विवेक के साथ होना चाहिए

# जेन जी का आंदोलन : अंत या आंदोलनों की शुरूवात?

काकरोच जनता पार्टी याने सी.जे.पी. के नेतृत्व अधीन कई दिनों तक चले आंदोलन की मांगें थी कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा, जो मांग पूरी हुई। अन्य दो मांगों में प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज एफ.आई.आर. रद्द और सुसाइड किए विद्यार्थियों को मुआवजा दिया जाए। जिसका सत्ता के प्रतिनिधियों ने स्वीकार किया था और अन्य दो मांगों को पूरा करने आश्वस्त किया था। नि:संदेह, जंतर-मंतर पर चले छात्रों के आंदोलन की सफलता को देश भर में बड़ी जीत मानी गई। किन्तु, अब सुप्रीम कोर्ट ने आंदोलन को खत्म करने या दबाने के लिए हुई हिंसा पर कड़ी टिप्पणी की है। नि:संदेह सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान पर इसे साधुवाद कहना चाहिए। इसी पर से प्रश्न यह कि, क्या हिंसात्मक विरोध प्रदर्शनों का प्रणालीगत भ्रष्टाचार का इससे अंत हो जाएगा? या फिर से भविष्य में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के लिए अन्य मांगों को प्राप्त करने का मार्ग खुल गया है?

भारत के संविधान की एक कलम 19 (1) (बी) अनुसार सभी भारतीय नागरिकों को शांतिपूर्ण और नि:शस्त्र प्रदर्शनों का अधिकार है। यद्यपि, जंतर-मंतर में घटित घटनाओं के संदर्भ में इस अधिकार की मर्यादाओं का उल्लंघन गंभीर चर्चा का विषय बना है। यहां प्रश्न यह उठता है कि, क्या ये वाकई विद्यार्थी आंदोलन था? या केवल विद्यार्थियों और उनके भविष्य से संबंधित था? क्या विद्यार्थियों का उपयोग सरकार के विरूद्ध किया गया था? क्या छात्रों की भावनाओं का उपयोग राजनैतिक आशय से किया गया था? क्या ये आंदोलन संविधान की कलम 19 (1) (बी) के प्रावधान अनुसार था? ऐसे अनेक प्रश्न स्वाभाविक से उठते हैं। जिसका गंभीर चिन्तन करना जरूरी हो जाता है।

जंतर मंतर पर अनेक विरोधाभासी चित्र भी नजर आए थे। अनेक विद्यार्थियों पर बल प्रयोग करके घातक लाठियों को चलाते देखा। जबकि, अन्य में पुलिस अधिकारियों पर भी हिंसक हमले हुए थे। स्वतंत्रता के नाम पर विवादास्पद नारेबाजी हुई थी। कई स्थानों पर प्रधानमंत्री के विरूद्ध भी अभद्र भाषा का उपयोग किया गया था।

अब, इन्ही वांछित-अवांछित घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र व सात राज्यों को नोटिस भी प्रेषित की गई है। खैर, अब अति महत्वपूर्ण यह कि सख्त बनाए जाने वाले कानून का अमल निष्पक्ष होगा? नीट-यूजी पेपर लीक, अन्य स्पर्धात्मक परीक्षाओं में अनियमितताएं, युवाओं की उच्च शिक्षा के साथ छेड़खानी उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ ही था। जिसका परिणाम आक्रोशित छात्राओं का जंतर मंतर में सम्पन्न आंदोलन के रूप में आया। क्या ये आंदोलन समाधान की शुरूवात है या अंत है? यह समय बतायेगा।

अनेक दिनों की मांग के बाद सरकार देश के युवाओं की मांगें तथा शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए एक्शन मोड़ पर आ गई है। पी.एम. मोदी ने भी नीट पेपर लीक के मामले में दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने के लिए कहा है। 10 करोड़ रूपयों के दण्ड के प्रावधान के साथ कानून संसद में पेश हो गया है। सरकार ने परीक्षा प्रणाली में आमूलचूल सुधार करने के लिए नंदन निलेकणी की अध्यक्षता में विशेषज्ञों के टास्क फोर्स का गठन किया है। नि:संदेह बदल रहे समय के मद्देनजर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करना यह समय की मांग है। पी.एम. मोदी ने नीट की परीक्षा सहित तमाम स्पर्धात्मक परीक्षा की प्रणालियों में सुधार करने कदम उठाए हैं। सरकार अब एक्शन मोड़ में है। केन्द्र की सरकार ने युवाओं को गारंटी दी है कि देश के युवाओं के उज्वल भविष्य को लेकर वह गंभीर है।

सरकार जब तमाम महत्व के मुद्दों को स्वीकार कर पहल करती है तब सरकार को तमाम मुद्दों पर तमाम समय में शांतिपूर्वक सहयोग करना आवश्यक है। समस्याओं का समाधान हिंसा नहीं किन्तु, शान्ति, विवेकपूर्ण समझाईश के साथ करना है।

# गुरु के चरण पखारकर, चरणामृत पान करने से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा - स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती


**अशोक लोहिया**

### जीवन में गुरु होना परम आवश्यक है



गुरु पूर्णिमा के पावन उत्सव पर हरिद्वार से पधारे श्रीमत परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ अनंत श्री विभूषित आनंद कृष्ण धाम हरिद्वार के परमाध्यक्ष पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी ने गुरु महिमा एवं गुरु महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु वशिष्ट जी ने श्रीराम से कहा कि जिंदगी में जो समय मिला है, वह अमूल्य है, उत्कृष्ट है, महान है। उसे प्रभु भक्ति में लगाने से ही व्यक्ति का कल्याण होगा और वह भवसागर रूपी नैय्या से पार हो सकता है। आज व्यक्ति समय की परवाह नहीं करता और यह सोचता है कि अभी पूरी जिंदगी पड़ी है और भोग विलास, अपराध, धन की लालसा में पाप करने लगता है। ऐसे व्यक्ति की जब मृत्यु निकट आती है तब परिवार जन डॉक्टर से कहते हैं की चाहे जितना रुपया ले लो पर एक बार हमारे परिजन को जीवित कर दो।किंतु उस समय कमाया हुआ अपार धन कोई काम नहीं आता। प्रभु को प्राप्त करने के लिए जीवन में गुरु का होना अतिआवश्यक है, जीवन का श्रृंगार करने वाले गुरु ही होते हैं, हमें मानव जीवन गुरु के माध्यम से प्रभु की प्राप्ति करने के लिए मिला है। गंगा, सरस्वती, यमुना आदि सभी नदिया कल - कल नांद करती हुई अपने पूरे वेग से सागर से मिलने हेतु आगे बढ़ती जाती है, समुद्र ही समस्त धाराओं का अंतिम स्वरूप है। यह सभी समुद्र में मिलकर शांत हो जाती है। उसी प्रकार यह जीवन है हम भी सुख पाने के लिए लगातार दौड़ रहे है, मानव जीवन पाकर भी अगर प्रभु की प्राप्ति नहीं हुई पूरा जीवन व्यर्थ है।हमारा जीवन तब सार्थक होगा जब हम परम तत्व में मिल जाएंगे। परम तत्व को जानने, लय से विलय होने गुरु के पास जाना पड़ता है। जीव ईश्वर में विलय होकर ही शांत होता है।

पूज्य स्वामी जी कहते हैं कि हम जो कार्य नहीं कर पा रहे हैं कहीं असफलता है, असमंजस है,भ्रम हैं। उसे गुरु के सामने उजागर कर देवें।गुरु ही एकमात्र ऐसे व्यक्तित्व है जो अपने शिष्य के समस्त दुख, पाप, रोग, शोक परेशानियों को अपने ऊपर ले लेता है। परिवार का कोई भी सदस्य चाहे वह पति हो, पत्नी हो, पिता हो, पुत्र क्यों ना हो वह दूसरे के कष्ट / दुखों को अपने ऊपर नहीं ले सकते।गुरु पूजन में गुरु के चरणों के अंगूठे के नाखून के पूजन का अभिषेक करने का विधान बताया गया है । गुरु अपने मन - वाणी एवं साधना से जो ईश्वरीय शक्ति प्राप्त करते हैं, वह उनके चरणों के अंगूठे में समाहित होती है। जिस प्रकार गाय अपने मुख से चारा खाती है किंतु उसका दूध उसके थन से प्राप्त होता है। ठीक उसी प्रकार गुरु की समस्त शक्तियां उसके चरणों में समाहित हुआ करती है। जिसके स्पर्श करने, गुरु के चरणों का अभिषेक करने एवं चरणामृत ग्रहण करने से ही मानव का कल्याण हो सकता है। हनुमान चालीसा में भी ''श्री गुरु चरण सरोज रज'' की महिमा बताई गई है।



आज गुरु पूर्णिमा पर विशेष

पूज्य स्वामी जी ने गुरु किसे बनाना चाहिए? पर कहा कि गुरु शास्त्रों का ज्ञाता हो, वेद, ग्रंथों का ज्ञान रखने वाला हो तथा गुरु मंत्र दीक्षा को केवल कान फूंककर देने वाला होना चाहिए। वही गुरु अपनी शक्ति से शिष्य के ऊपर आई विपत्तियों को दूर करने में सक्षम होता है। चिकित्सक क्षमता से अधिक मरीज को अस्पताल में भर्ती करेगा तो वहां अव्यवस्था फैल जावेगी, उसी प्रकार क्षमता से अधिक शिष्य बनाने से जैसा आजकल देखने में आ रहा है मंच से साउंड सिस्टम के माध्यम से गुरु दीक्षा दी जा रही है, वह फलीभूत नहीं होती। गुरु भी शिष्य को दीक्षा देने के पूर्व पात्रता देखता है तथा सदपात्र व्यक्ति को ही गुरु दीक्षा देता है। गुरु परंपरा आज की नहीं वरण पौराणिक काल से चली आ रही है। यह सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण विषय है, भगवान राम ने, कृष्ण ने भी गुरु दीक्षा ली थी। गुरु दीक्षा लिए बिना किसी भी व्यक्ति की मुक्ति संभव नहीं है। दीक्षित व्यक्ति की अकाल मृत्यु की संभावनाएं नगण्य एवं क्षीण होती है। जीवन में गुरु का होना आवश्यक है।

**गुरु कुम्हार, सुनार, लोहार की तरह व्यक्ति को गढ़ने का कार्य करते है -** गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए श्रीमत परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोणित ब्रह्मनिष्ठ अनंत विभूषित श्री 1008 आनंद कृष्णधाम हरिद्वार के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य जी सरस्वती कहते हैं कि व्यक्ति का गुरु के बिना भवसागर से पार पाना असंभव है। गुरु व्यक्ति को मनुष्य बनाता है, जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी को आकार देकर घड़ा इत्यादि का स्वरूप देता है, सुनार सोने को अलंकार का आकार देता है अथवा लोहार लोहे को आकार देता है, उसी प्रकार गुरु व्यक्ति को गुरु मंत्र देकर नया जीवन देते है। व्यक्ति के हर क्रिया में उठने से लेकर सोने तक एवम जन्म से लेकर मृत्यु तक गुरु की आवश्यकता होती है। गुरु पुनः मृत्यु से छुटकारा दिलाकर मोक्ष प्रदान करने का मार्ग प्रसस्त करते है । गुरु मंत्र के माध्यम से व्यक्ति को परमेश्वर के प्रति लगन जागरण करके भजन, सत्संग, उपासना की ओर मोड़ देते है, जिससे व्यक्ति परमेश्वर का साक्षात्कार कर मोक्ष की प्राप्ति कर लेता है। पूज्य स्वामी जी ने आगे कहा कि जीवन में पैसा सब कुछ नहीं है, पैसे से जीवन नहीं खरीदा जा सकता। एक उदाहरण के माध्यम से स्वामी जी ने कहा कि जिस प्रकार गीले कपड़े को उतारने में श्रम अधिक लगता है, किंतु सूखे कपड़े को उतरना सरल होता है क्योंकि सुखा कपड़ा उपासना, साधना का प्रतीक है जिससे उसका वजन हल्का हो जाता है।

### गुरु शिष्य को ब्रह्म का साक्षात्कार कराते हैं

मानस के दृष्टांत को बताते हुए स्वामी जी ने कहा कि गुरु के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं है। व्यक्ति को भवसागर के पार पहुंचने के लिए गुरु दीक्षा लेना आवश्यक है। सदगुरु सच्चा वैद्य होता है। जिस प्रकार वैद्य दवा के द्वारा व्यक्ति को स्वस्थ करता है, उसी प्रकार गुरु सूक्ष्म शरीर के मन, चित्त एवम वृति को ठीक कर देते है। गुरुमंत्र से अज्ञानता दूर हो जाती है। गुरु निष्ठा औषधि का कार्य करती है। गुरु शिष्य को ब्रह्म से एक्य या साक्षात्कार करा देते हैं, जिस प्रकार सुई धागा अलग अलग हुए वस्त्र के टुकड़ों को मिला देता है।

पूज्य स्वामी जी ने आगे कहा कि व्यक्ति के जीवन में कितने भी असंभव कार्य क्यो ना हो, गुरु शरण में जाने से संभव हो जाते है। पूज्य स्वामी जी ने कहा कि ब्रह्माजी जी ने वेद की रचना की तब वेद पूर्ण होने पर कुछ स्याही बच गई । मां सरस्वती ने ब्रह्मा जी से पूछा कि इस स्याही का क्या करें, तब ब्रह्मा जी ने कहा कि बचत स्याही संत, महात्माओं को दे देवे। ऐसे संत - महात्मा उक्त स्याही से दिक्षित शिष्य के भाग्य में लिखे कष्ट, दुख, परेशानियों को दूर करने भाग्य के लिखे को संशोधित कर देते है। भगवान ने व्यक्ति के भाग्य में जो लिख दिया उसे वे बदल नहीं सकते, किंतु एक गुरु ही है जो मां सरस्वती से मिली स्याही से भाग्य को संशोधित करने की ताकत रखते है। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में गुरु का होना आवश्यक है।

# बारिश में दूषित पानी बन सकता है बीमारी की वजह, इन बातों का रखें विशेष ध्यान

बारिश के मौसम में गंदा पानी पीना स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। मानसून के दौरान दूषित पानी के कारण जलजनित बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है, जिससे हर उम्र के लोगों को सतर्क रहने की जरूरत होती है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस मौसम में केवल साफ और सुरक्षित पानी का ही सेवन करना चाहिए। साथ ही पानी को सही तरीके से संग्रहित करना और स्वच्छता का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है। छोटी-सी लापरवाही कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। ऐसे में जानिए बारिश में गंदा पानी पीने से क्या नुकसान हो सकते हैं और पानी को सुरक्षित रखने के आसान एवं प्रभावी तरीके।



### बारिश में गंदा पानी पीने से क्या होता है?

**दस्त और उल्टी**

दूषित पानी में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस आंतों को संक्रमित कर देते हैं। इससे बार-बार पतले दस्त, उल्टी, मतली और पेट खराब होने की समस्या हो सकती है। यदि समय पर इलाज न मिले, तो शरीर में पानी और लवण (इलेक्ट्रोलाइट्स) की कमी हो सकती है।

**पेट दर्द, गैस और ऐंठन**

संक्रमित पानी पीने से पाचन तंत्र प्रभावित होता है। इसके कारण पेट में तेज दर्द, गैस बनना, पेट फूलना, ऐंठन, अपच और भूख कम लगना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी)**

लगातार दस्त और उल्टी होने से शरीर से पानी और आवश्यक खनिज तेजी से निकल जाते हैं। इसके लक्षण हैं बहुत अधिक प्यास लगना, मुंह सूखना, चक्कर आना, कमजोरी, आंखें धंस जाना, पेशाब कम आना या गहरा पीला होना। याद रखें कि गंभीर डिहाइड्रेशन जानलेवा भी हो सकता है, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों में।

### पानी को सुरक्षित कैसे रखें?

**पानी उबालकर पिएं**

पानी को कम से कम 1 मिनट तक अच्छी तरह उबालें।

ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में लगभग 3 मिनट तक उबालना बेहतर माना जाता है। उबले हुए पानी को ठंडा करके ढक्कन वाले साफ बर्तन में रखें।

**साफ बर्तन में पानी रखें**

पानी हमेशा ढक्कन वाले साफ बर्तन में रखें।

पानी निकालने के लिए हाथ न डालें; साफ करछी, नल या डिस्पेंसर का उपयोग करें।

**पानी की टंकी साफ रखें**

घर की पानी की टंकी की नियमित सफाई और कीटाणुशोधन करें। यदि टंकी खुली है, तो उसे अच्छी तरह ढककर रखें।

### शब्द सामर्थ्य -112

(भागवत साहू)



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 111 का हल

## सामयिक चर्चा

### सरकारी सहायता मिले तो... !

खबर पढ़कर, गौरवान्वित शंकर,
बानी बोले - गजाधर !
हमारे शहर राजनांदगांव की बेटी
ज्ञानेश्वरी यादव आत्मजा दीपक यादव ने
कामनवेल्थ गेम्स 2026 में
भारत का वेटलिफ्टिंग में
शानदार प्रदर्शन कर, जीता सिल्वर।
ज्ञानेश्वरी के पिता दीपक यादव
पहले बाडी बिल्डर रहे है
पर आर्थिक तंगी के कारण
उनका जीवन निर्वाह का कष्ट बढ़ा
और उन्हें अपना खेल छोड़कर
इलेक्ट्रोशियन बनना पड़ा।
फिर भी पिता के साथ ट्रेनिंग करते हुए
ज्ञानेश्वरी ने जूनियर स्तर पर लगातार
शानदार प्रदर्शन किया
और नेशनल टीम में जगह बनाई।
मालूम गजाधर भाई !
2026 एशियन वेटलिफ्टिंग चेम्पियनशिप में
उन्होंने स्नैच में सिल्वर लिया।
और कुल प्रदर्शन में ब्रान्च मेडल हासिल किया।
गजाधर! आप इस पर क्या कहते हैं ?
गजाधर बोले उत्साहित होकर - बानी !
अगर ऐसे होनहार खिलाड़ियों को
सरकारों प्रोत्साहन और सहायता मिले
तो वे गोल्ड मेडल जीत कर
देश का नाम रोशन कर सकते है।
मंगलवार 28 जुलाई 2026



गिरीश बख्शी


## काव्य-प्रवाह

नदी को बहने दो अविरल
नदी जीवन दात्री, सर्वदा वन्दनीया है
नदी कलकल बहती सागर प्रिया है
नदी से कभी न करो कोई छल
नदी को बहने दो सदा ही अविरल।



शत्रुघन सिंह राजपूत
गौरीनगर,राजनांदगांव
मो. 7587101862


## राशिफल



**मेष**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आज आपको किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से जुड़ने का अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत और प्रयासों के अनुकूल परिणाम मिलेगा।




**वृष राशि**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़े बुजुर्गों से प्रेरणा मिलेगी कुछ बड़ा करने का प्लान बनाएंगे। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव देंगे। समाज में आपकी पद - प्रतिष्ठा बढ़ेगी।बड़े-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी तारीफ करेंगे।



**मिथुन**
आज का दिन आपके जीवन में नए अवसर लेकर आने वाला है। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा जो की आने वाले समय में आपके लिए लाभकारी रहेगा। विद्यार्थियों को सफलता आज मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।



**कर्क**
आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। कारोबारियों के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। आज आप अपने काम की गुणवत्ता में सुधार लाकर और ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरुरत है।




**सिंह**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज की गई मेहनत निकट भविष्य में बहुत लाभदायक साबित होगी इसलिए व्यर्थ की गतिविधियों से ध्यान हटाकर अपने कामों के प्रति सतर्क रहें। लवमेट आज अपने रिश्तें के बारे में घरवालों को बताएँगे, घरवाले इस पर विचार भी करेंगे। इस राशि के कैमिस्ट शॉप चलाने वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।




**कन्या**
आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज घर की व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ कठोर फैसले लेने पड़ सकते हैं, लेकिन इसका परिणाम सुखद रहेगा। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा।आपका पुराना दोस्त आपको फोन करके आपको सरप्राइज देगा।



**तुला**
आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। कहीं से मन मुताबिक धनलाभ होने से मन को राहत मिलेगी। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर रहने की जरूरत है आपके प्रति शत्रु भाव रखने वाला व्यक्ति आपके काम की शिकायत उच्चाधिकारी से कर सकता है।




**वृश्चिक**
आज आपको शुभ समाचार मिलने वाला है। आज पिता जी आपको पैतृक व्यवसाय की कुछ महत्वपूर्ण जानकारी देंगे और आपको नई जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। विद्यार्थी पूरी मेहनत से अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखेंगे और बेहतर परिणाम हासिल करेंगे। आज घर की सुख-सुविधाओं में ज्यादा खर्च हो सकता है, साथ ही घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।




**धनु**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज के दिन आपको कुछ नई उपलब्धियां हासिल होने वाली हैं। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। आज परिवार से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण फैसले लेने पड़ सकते हैं और आपके विचारों को प्राथमिकता दी जाएगी।



**मकर**
आज का दिन आपके जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज दिनभर भागदौड़ की स्थिति रहेगी, लेकिन इसके परिणाम काफी लाभदायक होंगे जिससे आपका उत्साह बना रहेगा । आज आपको किसी भी प्रकार के विवाद से दूर रहने की आवश्यकता है और बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कुछ प्रतिष्ठित लोगों से आपकी मुलाकात होगी जिससे आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी सटीक राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। लेखन कार्यों में आज आपका रुझान बढ़ेगा, आपकी लेखनी में सुधार आएगा।



**मीन**
आज पड़ोसी आपके कार्यों को पूरा करने में आपकी सहायता करेंगे इससे उनके साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। आज नौकरी में मनचाहा कार्यक्षेत्र मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। बहुत समय से अटका हुआ आपका राजकीय काम आज पूरा हो जाएगा । आज परिवार के साथ मनोरंजक गतिविधियों मे कुछ समय बीतेगा।

### सू- दोकू क्र.112

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.111का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# खैरागढ़ में सड़कों पर मवेशियों व नंदियों का खौफ, स्ट्रीट लाइटें बंद होने से रात में हादसे का बढ़ा खतरा

(यतेन्द्र जीत सिंह छोटू ब्यूरो चीफ जिला खैरागढ़)

खैरागढ़ (दावा)। जिले में सड़कों पर लावारिस मवेशियों और नंदियों की बढ़ती समस्या को लेकर कलेक्टर द्वारा लगातार सख्त निर्देश दिए जाने के बावजूद जमीनी हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिला मुख्यालय खैरागढ़ में ही प्रशासनिक दावों और निर्देशों की हवा निकलती साफ दिखाई दे रही है। शहर के पिपरिया से लेकर अमलीपारा तक के मुख्य मार्गों और सड़कों पर जगह-जगह मवेशियों का डेरा लगा हुआ है। बारिश के इस मौसम में यह समस्या और भी विकराल हो गई है।

मच्छरों से बचने और सूखी जगह की तलाश में बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों के बीचों-बीच आकर बैठ रहे हैं। जिससे वाहन चालकों और राहगीरों के लिए जानलेवा दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

### बारिश में सड़कें बनीं मवेशियों का ठिकाना

बारिश के कारण खुले स्थानों और मैदानों में कीचड़ व पानी भरने से मवेशियों को सूखी जगह नहीं मिल पा रही है। ऐसे में वे सड़कों के किनारे और बीचों-बीच बैठने को मजबूर हैं। रात के समय सड़कों पर रोशनी पर्याप्त न होने के कारण वाहन चालकों को दूर से मवेशी दिखाई नहीं देते, जिससे अचानक ब्रेक लगाने या बचाने के चक्कर में रोजाना हादसों की आशंका बनी रहती है।

### नंदियों की भिडंत से बाजार में दहशत

शहर में नंदियों की बढ़ती संख्या ने व्यापारियों और आम नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों और गोल बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नंदी अक्सर आपस में भिड़ जाते हैं। इस लड़ाई की चपेट में आकर कई राहगीर घायल हो रहे हैं। वहीं दुकानों के बाहर खड़े दोपहिया व अन्य वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

व्यापारियों का कहना है कि बैठकों में अस्थायी कब्जों व ठेलों को हटाने और अव्यवस्था सुधारने की बात कही जाती है, लेकिन बैठक खत्म होते ही कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली जाती है।



○ 'हमें किसी का डर नहीं, हमें कोई हटा नहीं सकता' : कलेक्टर के निर्देश भी बेअसर, प्रशासन मस्त-जनता त्रस्त!

○ पिपरिया से अमलीपारा तक मुख्य मार्गों पर मवेशियों का कब्जा, कलेक्टर कार्यालय के बाहर ही पसरा रहता है घोर अंधेरा

### कलेक्टर कार्यालय के बाहर छाया रहता है अंधेरा

मवेशियों की समस्या के साथ-साथ शहर की बदहाल स्ट्रीट लाइट व्यवस्था ने खतरे को दोगुना कर दिया है। नगर के प्रमुख मार्गों पर लगी स्ट्रीट लाइटों की रोशनी बेहद कमजोर है या वे पूरी तरह बंद हैं। आलम यह है कि खुद जिला कार्यालय (कलेक्टर ऑफिस) के बाहर तक घोर अंधेरा छाया रहता है। अंधेरी सड़कों पर बैठे मवेशी वाहन चालकों को नजर नहीं आते। जिससे बारिश, फिसलन और अंधेरा मिलकर राहगीरों के लिए जानलेवा जोखिम पैदा कर रहे हैं।

### जवाबदेही से भाग रहे जिम्मेदार, नहीं उठा रहे फोन

सड़कों पर पसरी अव्यवस्था, बंद स्ट्रीट लाइटों और मवेशियों की धरपकड़ को लेकर जब प्रतिनिधि ने संबंधित प्रशासनिक एवं नगर पालिका अधिकारियों का पक्ष जानने के लिए संपर्क किया, तो उन्होंने फोन उठाना तक मुनासिब नहीं समझा। बार-बार संपर्क करने के बावजूद अधिकारियों का कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में यह बड़ा सवाल उठता है कि जब शहर की गंभीर समस्याओं पर जिम्मेदार अधिकारी पक्ष रखने से ही कतरा रहे हैं, तो आम जनता की शिकायतों का निवारण कैसे होगा?

### केवल बैठकों तक सीमित न रहे कार्रवाई : शहरवासी

खैरागढ़ के नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और नगर पालिका की कार्रवाई केवल कागजी बैठकों और खोखले निर्देशों तक सीमित रह गई है। शहरवासियों ने मांग की है कि सड़कों से मवेशियों को तत्काल कांजी हाउस भेजा जाए, नंदियों की समस्या का स्थायी समाधान हो और खराब स्ट्रीट लाइटों को अविलंब दुरुस्त किया जाए। अब देखना यह है कि प्रशासनिक अमला कब नींद से जागता है और खैरागढ़ की जनता को इस नारकीय स्थिति से मुक्ति दिलाता है।

## पहला कॉलम...

### श्रावण माह में श्री शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना




डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा संचालित नीचे बम्लेश्वरी मंदिर प्रागंण एवं ऊपर मंदिर स्थित श्री शिव मंदिर में श्रावण मास के अवसर पर 30 जुलाई से 28 अगस्त तक (एक माह) श्रावण मास भर सर्व साधारण हेतु श्री शिव भगवान की पूजा अर्चना बाबत् बेलपत्ती, फूल, दूध, जल की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के मंत्री व वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र परिहार ने बताया कि श्रावण मास में प्रतिदिन भगवान शंकर जी का अभिषेक पूजन एवं प्रत्येक सोमवार को विशेष अभिषेक पूजन प्रातः 4.30 बजे होगा। अभिषेक पूजन की राशि 501 रूपये पाँच सौ एक रूपए मात्र है। अतः ट्रस्ट समिति ने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पूजा-अर्चना कर दर्शन लाभ प्राप्त करें।

### जन्मदिन रक्तदान कर किया अनुकरणीय पहल




डोंगरगांव (दावा)। जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद की और युवाओं को देकर जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ, राजनांदगांव की पूर्व उपाध्यक्ष फनेश्वरी साहू ने अपना जन्मदिन समाजसेवा के नाम करते हुए एक सराहनीय अनुकरणीय पहल की है. इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि जन्मदिन का सबसे अच्छा उपहार किसी की जिंदगी बचाना है. रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता. मेरा प्रयास है कि युवा इस पुण्य कार्य से जुड़ें और जरूरतमंदों की मदद करें. इस दौरान उनके साथ जिला साहू संघ के सहसंयोजक हेमदीप साहू, तेजेन्द्र साहू, भावेश साहू, चित्रलेखा साहू, जिला साहू संघ के पूर्व संगठन महामंत्री व तुलसी मानस प्रतिष्ठान के सचिव हिमांचल प्रसाद साहू, पूनमदेवी साहू सहित युवा प्रकोष्ठ के सदस्य और परिजन भी उपस्थित रहे.

### गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती पर भाजपा का राष्ट्रव्यापी समरसता अभियान

अंबागढ़ चौकी (दावा)। भारतीय जनता पार्टी ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक देशभर में समरसता संकल्प अभियान चलाने की घोषणा की है। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि अभियान के तहत राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल और ग्राम स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरुआत 29 जुलाई को समरसता दीप महोत्सव से होगी। इसके अलावा कलश वंदन अभियान, संत संपर्क अभियान, श्री गुरु रविदास समरसता यात्रा और छात्रावास संपर्क अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा ने कहा कि गुरु रविदास महाराज का समता, सामाजिक न्याय और मानवता का संदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा यह अभियान सामाजिक समरसता, राष्टीय एकता और विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का माध्यम बनेगा।

### विकल्प संस्था द्वारा महावीर तालाब परिसर में छायादार पौध रोपण




डोंगरगढ़ (दावा)।विकल्प एक प्रयास संस्था द्वारा पर्यावरण की जागरूकता के तहत स्थानीय महावीर तालाब के किनारे छायादार पौधे का रोपण किया गया।जिस में संस्था के प्रमुख पर्यावरण प्रेमी मनोज गुप्ता और साथी यतीस जैन और राज़ी जैन के सहयोग से किया गया। संस्था हमेशा रचनात्मक कार्य करती है इसी कड़ी में विकल्प संस्था के निवेदन पर वन विभाग के सहयोग से स्थानीय गोशाला में पचास नग छायादार पौधे उपलब्ध कराया गया था।

## साधु-संतों के साथ श्रावक-श्राविकाओं के लिए भी मर्यादाओं का पालन अनिवार्य - साध्वी आज्ञांजनाश्रीजी म.सा.



डोंगरगांव (दावा)। नगर के श्री शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिरजी में मंगलवार प्रातः आयोजित धर्मसभा में विराजित साध्वी आज्ञांजनाश्रीजी म.सा. ने चातुर्मास के आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक महत्व पर प्रेरणादायी प्रवचन दिया. उन्होंने इस अवसर कहा कि चातुर्मास आत्मपरिवर्तन, अहिंसा, तप और मर्यादा का पर्व है. वर्षा ऋतु में असंख्य जीवों की रक्षा के लिए भगवान ने चातुर्मास की व्यवस्था की है. उन्होंने कहा कि आज करुणा का भाव कम होता जा रहा है, जबकि झूठ, चोरी, परिग्रह और किसी को दुख पहुँचाना भी हिंसा के ही रूप हैं. यदि जीवन में अहिंसा और धर्म को अपनाया जाए तो जीवन स्वयं मंगलमय बन जाता है. भगवान महावीर ने संघ, तीर्थ और मर्यादा की स्थापना समस्त समाज के कल्याण के लिए की है. जब मर्यादाओं का उल्लंघन होता है, तब परिस्थितियाँ विकट बन जाती हैं. साधु-संतों के साथ-साथ श्रावक-श्राविकाओं के लिए भी मर्यादाओं का पालन अनिवार्य है.

साध्वीश्री ने तप की महिमा बताते हुए कहा कि तप कर्मों की निर्जरा एवं आत्मा को उज्ज्वल बनाने का श्रेष्ठ साधन है. चातुर्मास की व्यवस्था आत्मपरिवर्तन के लिए की गई है. दृढ़ संकल्प के साथ जिनवाणी का श्रवण, प्रवचन, पूजा, आराधना एवं छोटे-छोटे तपों से स्वयं को जोड़कर प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है. डोंगरगांव धर्मनगरी है, जहाँ अनेक दीक्षाएँ हुई हैं. दीक्षार्थी बहनों एवं धर्मनिष्ठ श्रावक-श्राविकाओं के जीवन से प्रेरणा लेकर धर्म की डोर को दृढ़ता से थामना चाहिए. प्रवचन के अंत में म.सा. ने कहा कि सत्संग मन की शुद्धि, मानसिक शांति, सकारात्मक सोच, विवेक, ज्ञान और ईश्वर से जुडने का सर्वोत्तम माध्यम है. गुरु केवल जीवन में आते नहीं, बल्कि जीवन की वास्तविक शुरुआत ही गुरु के सान्निध्य से होती है. इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को लक्ष्य निर्धारित कर सत्संग से प्राप्त श्रेष्ठ शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लेना चाहिए.

एक ओर श्वेताबर जैन समाज के चातुर्मास में जिनवाणी की अमृतवर्षा प्रारंभ हो चुकी है, वहीं दूसरी ओर दिगबर जैन समाज को पूज्य आर्यिकाओं का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है. डोंगरगांव का यह दुर्लभ संयोग नगर को धर्म, साधना और आध्यात्मिक चेतना के केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित कर रहा है. आने वाले चार माह तक दोनों परंपराओं के माध्यम से धर्म की अविरल धारा प्रवाहित होगी, जो पूरे नगर के लिए प्रेरणा और आत्मकल्याण का माध्यम बनेगी.

**आज का संदेश** - अहिंसा अपनाएँ, तप से जुड़ें, सत्संग में बैठें और जिनवाणी को जीवन में उतारें—यही चातुर्मास की सच्ची साधना है.

## मोहला पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 19 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




मोहला (दावा)। जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मोहला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 पेटी गोवा व्हिस्की (171 बल्क लीटर) जब्त की है। पुलिस ने ग्राम देवरसुर निवासी घनश्याम निषाद (42) को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह के निर्देशन एवं थाना प्रभारी संदीप टोप्पो के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने आरोपी के खेत-बाड़ी स्थित मकान से 1950 पौवा मध्यप्रदेश निर्मित शराब बरामद की। कार्रवाई में थाना मोहला के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कुर्मी क्षत्रिय समाज (युवा प्रकोष्ठ) की प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए ग्राम लक्ष्मणपुर में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



छुईखदान (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज (युवा प्रकोष्ठ) द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता-2026 के अंतर्गत आगामी 9 अगस्त को आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों को लेकर सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पदाधिकारियों ने ग्राम लक्ष्मणपुर पहुंचकर छात्र-छात्राओं को परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और उनका फॉर्म भरवाया।

सामाजिक पदाधिकारियों ने बताया कि खैरागढ़ जिले के जो भी छात्र-छात्राएं अभी तक इस प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए अपना फॉर्म नहीं भर पाए हैं। वे 31 जुलाई तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

○ प्रतियोगी परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं के भरवाए गए फॉर्म, 31 जुलाई तक आवेदन का अंतिम मौका

○ 9 अगस्त को दोपहर 12 से 2 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर छुईखदान में होगी परीक्षा

अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए विद्यार्थी समाज के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा 9 अगस्त दोपहर 12 से 2 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर छुईखदान में किया जाएगा। ग्राम लक्ष्मणपुर में आयोजित इस संपर्क अभियान के दौरान सर्व जिला कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर, छुईखदान अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर, लक्ष्मणपुर अध्यक्ष तुकाराम चंद्राकर, छुईखदान पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, सर्व जिला युवा कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष शुभम चंद्राकर, ग्राम लक्ष्मणपुर की सरपंच श्रीमती ममता चंद्राकर, कविता चंद्राकर, मन्नू देशमुख एवं कालेश्वर देशमुख सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रॉयल किड्स कॉन्वेंट छुरिया में स्व. लाल शंकर बहादुर सिंह की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि






छुरिया (दावा)। स्थानीय रॉयल किड्स कॉन्वेंट छुरिया में पूर्व प्रशासक स्व. लाल शंकर बहादुर सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर संस्था की प्रार्थना सभा में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा 'पापा जी' को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शिक्षकों एवं छात्रों ने बारी-बारी से उनके तैलचित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।संस्था के प्राचार्य गोपाल साहू एवं प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को उनके जीवन के बहुमूल्य आदर्शों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्व. सिंह ने अपने जीवनकाल में समय को सर्वोपरि महत्व देते हुए अपने सभी कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन किया। वे समय के बेहद पाबंद थे। उनका मानना था कि समय की पाबंदी एक ऐसी आदत है, जो आपको जीवन में बहुत आगे ले जाती है। समय का पालन करना सम्मान, जिम्मेदारी और परिपक्वता का प्रतीक है। जब आप समय के पाबंद होते हैं, तो आप अपनी जिम्मेदारियों को महत्व देते हैं और दूसरों के समय का सम्मान करते हैं। शिक्षकों ने आह्वान किया कि हम सभी को उनके बताए गए आदर्शों पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर्स सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती पूजा सिंह, श्रीमती इला सिंह, श्रीमती जानवी सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल एवं बर्सर डॉ. आई.के. वैष्णव सर ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रविदास जयंती पर संत शिरोमणि गुरु रविदास को किया नमन, कलश यात्रा में जनभागीदारी का आह्वान



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए संत रविदास के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में नीलू शर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने अपने जीवन से समाज को समानता, भाईचारे, प्रेम और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जाति-पांति, ऊंच-नीच और सामाजिक भेदभाव का विरोध करते हुए समरस एवं न्यायपूर्ण समाज की स्थापना का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी सामाजिक एकता और सद्भाव की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से संत रविदास के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा सामाजिक समरसता और मानव सेवा के मूल्यों को आगे बढ़ाने की अपील की। साथ ही उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए संत गुरु रविदास को श्रद्धापूर्वक नमन किया। नीलू शर्मा ने बताया कि 29 जुलाई से छत्तीसगढ़ में संत गुरु रविदास के जन्मस्थल से पवित्र कलश लाकर विभिन्न स्थानों पर कलश यात्राएं निकाली जाएंगी। इन धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी सहभागिता करेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस आयोजन में शामिल होकर संत रविदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष पर देशव्यापी 'समरसता संकल्प अभियान' की घोषणा के मुख्य बिंदु- संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650 वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा 29 जुलाई 2026 (आषाढ़ पूर्णिमा) से 20 फरवरी 2027 (माघ पूर्णिमा) तक पूरे देश में समरसता संकल्प अभियान चलाएगी। श्री गुरु रविदास महाराज किसी एक समाज के संत नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के महान पथप्रदर्शक हैं। उनका बेगम-पूरा का दर्शन ऐसे समाज की कल्पना है, जहाँ किसी प्रकार का दुख, पीड़ा या भेदभाव न हो। फ्रांसीसी क्रांति और अब्राहम लिंकन के स्वतंत्रता संबंधी भाषणों से सदियों पहले श्री गुरु रविदास महाराज ने दुनिया को समानता और समरसता का विचार दिया। 29 जुलाई को श्री गुरु पूर्णिमा की संध्या पर देशभर के सभी मंदिरों में समरसता दीप महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। कलश वंदन अभियान के माध्यम से जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) की पवित्र मिट्टी से भरे कलश हर प्रदेश, जिला और मंडल, गाँव स्तर तक पहुँचेंगे। 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक डेरा सचखंड बल्लां (जालंधर) से जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) तक निकलेगी श्री गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा। गुरु रविदास जी द्वारा दिखाया गया मार्ग ही 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के संकल्प का मूल आधार है, यह अभियान सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के निर्माण का व्यापक जनआंदोलन बनेगा।

## सेवताटोला स्कूल में हुआ पौधरोपण




डोंगरगांव (दावा)। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत नगर के प्राथमिक शाला सेवताटोला में विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा वृहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुलशन हिरवानी एल्डरमैन रहे. वहीं विशेष अतिथि के रूप में राजीव वैष्णव व दयानंद सेन एल्डरमैन, अधि.सतीश कुमार पाण्डेय महामंत्री मंडल भाजपा डोंगरगांव, गायत्री यादव पार्षद व डॉ.अतुल गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति रही. अतिथियों ने विद्यार्थियों को पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश देते हुए प्रत्येक व्यक्ति से अपनी माता के नाम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रेरणादायक सामग्री का वितरण भी किया गया तथा पौधरोपण में सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई. कार्यक्रम में प्रधानपाठक देवेंद्र साहू, विद्यालय के शिक्षकगण शाला प्रबंधन समिति के सदस्य अभिभावकगण एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.

# शर्मिला धनखड़ ने रचा इतिहास, पैरा-एथलेटिक्स में भारत को दिलाया पहला कॉमनवेल्थ गोल्ड

ग्लासगो । भारत की पैरा-एथलीट शर्मिला धनखड़ ने कॉमनवेल्थ गेम्स में इतिहास रच दिया है। उन्होंने महिलाओं के शॉट पुट स्न57 इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया और इन खेलों में भारत की पहली पैरा-एथलेटिक्स गोल्ड मेडलिस्ट बन गईं। शर्मिला धनखड़ ने फाइनल मुकाबले में 9.81 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया, जो उनके करियर का अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन भी रहा। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने भारत को एक ऐतिहासिक उपलब्धि दिलाई और पैरा-एथलेटिक्स में देश के लंबे इंतजार को खत्म कर दिया।



शर्मिला की यह जीत कई मायनों में खास रही। कॉमनवेल्थ गेम्स में पैरा-एथलेटिक्स पदक के लिए भारत को करीब 20 साल से इंतजार था। शर्मिला ने गोल्ड मेडल जीतकर न केवल इस सूखे को खत्म किया, बल्कि आने वाली पीढ़ी के पैरा खिलाड़ियों के लिए भी एक नई उम्मीद जगाई है। गोल्ड मेडल जीतने के बाद शर्मिला धनखड़ ने अपनी इस उपलब्धि को अपनी दृष्टिबाधित मां को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि उनकी मां उनके जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा रही हैं और यह पदक उनके संघर्ष, समर्थन और विश्वास को समर्पित है।

शर्मिला की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और लगातार प्रयासों की अहम भूमिका रही है। पैरा-एथलेटिक्स में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना आसान नहीं होता, लेकिन उन्होंने अपनी क्षमता और आत्मविश्वास के दम पर बड़े मंच पर खुद को साबित किया। महिलाओं के शॉट पुट स्न57 वर्ग में शर्मिला ने शुरुआत से ही मजबूत प्रदर्शन किया। उनके शानदार थ्रो ने उन्हें प्रतियोगिता में आगे रखा और आखिरकार उन्होंने स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। उनके 9.81 मीटर के थ्रो ने उन्हें शीर्ष स्थान दिलाया। इस प्रतियोगिता में भारत के लिए एक और खुशी का पल तब आया जब साथी खिलाड़ी शिल्पा शायला ने भी पदक हासिल किया। शिल्पा ने शुरुआती परिणामों के बाद समीक्षा और सफल विरोध के जरिए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस तरह भारत ने इस इवेंट में डबल पोडियम फिनिश हासिल की। शर्मिला और शिल्पा की यह उपलब्धि भारतीय पैरा-एथलेटिक्स के लिए एक यादगार क्षण बन गई है। एक ही स्पर्धा में दो भारतीय खिलाड़ियों का पदक जीतना देश के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। पैरा-एथलीटों ने पिछले कुछ वर्षों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर किया है। शर्मिला धनखड़ की यह जीत उसी बढ़ती ताकत का उदाहरण है।

# जिदान बने फ्रांस फुटबॉल टीम के नए हेड कोच, 2030 तक संभालेंगे जिम्मेदारी

पेरिस । फ्रांस फुटबॉल फेडरेशन ने बड़ा फैसला लेते हुए दिग्गज फुटबॉलर और पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान जिनेदिन जिदान को पुरुष राष्ट्रीय टीम का नया हेड कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। जिदान अब 2030 फीफा वर्ल्ड कप तक फ्रांस की टीम की कमान संभालेंगे।

स्नस्न्स्न के प्रेसिडेंट फिलिप डियालो ने मंगलवार को फेडरेशन की एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक के बाद आयोजित एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिदान को नए कोच के रूप में पेश किया। इस नियुक्ति के साथ ही जिदान फ्रांस की राष्ट्रीय टीम के इतिहास में 18वें मैनेजर बन गए हैं। फ्रांस की टीम, जिसे फुटबॉल जगत में च्लेस ब्लूज़ज् के नाम से जाना जाता है, के लिए जिदान की नियुक्ति बेहद खास मानी जा रही है। वह न सिर्फ फ्रांस के सबसे महान खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं, बल्कि कोच के रूप में भी उन्होंने शानदार सफलता हासिल की है। जिनेदिन जिदान का नाम फुटबॉल इतिहास



के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने अपने खेल करियर के दौरान फ्रांस को कई यादगार जीत दिलाईं। 1998 फीफा वर्ल्ड कप में फ्रांस की खिताबी जीत में जिदान की अहम भूमिका रही थी। उन्होंने फाइनल मुकाबले में दो गोल कर टीम को पहली बार विश्व चैंपियन बनाने में योगदान दिया था। खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेने के बाद जिदान ने कोचिंग में कदम रखा और यहां भी अपनी अलग पहचान बनाई। ऋद्गड्डद्य रूड्डस्रह्म्द्बस्र के कोच के रूप में उन्होंने बड़ी सफलताएं हासिल कीं। उनके नेतृत्व में रियल मैड्रिड ने लगातार तीन बार श्वस्न्र चैंपियंस लीग खिताब जीते, जो फुटबॉल इतिहास की बड़ी उपलब्धियों में शामिल है। फ्रांस की राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी संभालना जिदान के लिए बड़ी चुनौती होगी। टीम पहले ही दुनिया की मजबूत फुटबॉल शक्तियों में शामिल है और उससे हर बड़े टूर्नामेंट में खिताब की उम्मीद की जाती है। जिदान के सामने सबसे बड़ी चुनौती टीम में निरंतरता बनाए रखने और युवा खिलाड़ियों को तैयार करने की होगी। फ्रांस के पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की लंबी सूची है, ऐसे में जिदान का अनुभव टीम को और मजबूत कर सकता है। 2030 वर्ल्ड कप तक का लंबा कार्यकाल मिलने से जिदान को टीम के भविष्य की योजना तैयार करने का पर्याप्त समय मिलेगा।

# पानाबरस देव स्थल पर हर्षोल्लास से मनाया गया 'राज रवल' पर्व, 300 पौधों का हुआ रोपण, 700 पौधों का किया गया वितरण

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी। प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के साथ पाना बरस देव स्थल पर परंपरागत ''राज रवल'' पर्व इस वर्ष भी पूरे उत्साह, श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी संख्या में 14 गढ़, 360 परगनिहा के सियान, जवान, मांझी, बैगा तथा ग्रामीणजन इस आयोजन में शामिल हुए और प्रकृति के प्रति अपनी आस्था एवं जिम्मेदारी का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ लाल लक्ष्मेन्द्र शाह एवं राज बैगा बीरशाय द्वारा देवी-देवताओं तथा पेड़-पौधों की विधिवत पूजा-अर्चना से किया गया। उन्होंने क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि, अच्छी वर्षा, हरियाली और खुशहाली की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने भी प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।



**14 गढ़, 360 परगनिहा पाना बरस के सियान, जवान, मांझी, बैगा एवं ग्रामीणों की रही गरिमामयी सहभागिता**

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से देवस्थल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 300 पौधों का सामूहिक पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों एवं उपस्थित जनसमुदाय को लगभग 700 पौधों का निःशुल्क वितरण भी किया गया, ताकि प्रत्येक परिवार अपने घर, खेत एवं आसपास के क्षेत्र में पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने में योगदान दे सके। इस अवसर पर लाल लक्ष्मेन्द्र शाह एवं राज बैगा बीरशाय ने कहा कि पेड़-पौधे केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना जितना आवश्यक है, उससे कहीं अधिक आवश्यक उनकी सुरक्षा और संरक्षण करना है। देवस्थल में लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखने के लिए संपूर्ण परिसर में बाउंड्री (घेराबंदी) किए जाने का भी सामूहिक निर्णय लिया गया। इस कार्य में सभी ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता एवं सहयोग देने की सहमति व्यक्त की, जिससे लगाए गए पौधे सुरक्षित रह सकें और आने वाले वर्षों में यह स्थल घने हरित क्षेत्र के रूप में विकसित हो सके।

इस पर्यावरणीय अभियान के लिए आवश्यक पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए।

# कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे की तैयारियों की समीक्षा की

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को डिजिटल क्रॉप सर्वे के सफल संचालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।



**17 अगस्त से 30 सितंबर तक चलेगा डिजिटल क्रॉप सर्वे अभियान त्रुटिरहित सर्वे सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

उन्होंने कहा कि जिले में 17 अगस्त से 30 सितंबर 2026 तक डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया जाएगा। यह कार्य पूरी पारदर्शिता, समयबद्धता एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित किया जाए, ताकि किसानों की फसल संबंधी जानकारी का सही एवं प्रमाणिक डिजिटल अभिलेख तैयार हो सके।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वेक्षण के दौरान प्रत्येक खेत एवं फसल की जानकारी का सत्यापन सावधानीपूर्वक करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों से जुड़ी विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए इसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने एग्रीस्टैक के अंतर्गत किसानों के पंजीयन एवं संबंधित कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को इस पहल के लाभों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ा जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजना के लाभों की जानकारी देकर अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित किए जाएं, ताकि जिले में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे, एग्रीस्टैक तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए सभी राजस्व अधिकारियों एवं मैदानी अमले को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी उपस्थित थे।

# गौ सम्मान आह्वान अभियानः गोवंश को ''राष्ट्रमाता'' का दर्जा देने मोहला में गोभक्तों ने सौंपा ज्ञापन

मोहला (दावा)। 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत जिला मुख्यालय मोहला में समस्त गोभक्तों, संत समाज एवं क्षेत्र के सजग नागरिकों ने एकत्र होकर गोवंश के संरक्षण और संवैधानिक सम्मान को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। इस अवसर पर गोभक्तों द्वारा गायत्री मंदिर मोहला में विशेष पूजा-अर्चना करने के उपरांत जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।



**राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को प्रेषित किया स्मरण पत्र**

सौंपे गए ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 एवं 51,(ग) की मूल भावना का उल्लेख करते हुए ''अखिल भारतीय वेदलक्षणा गोवंश'' को ''राष्ट्रमाता / राष्ट्र आराध्या'' का संवैधानिक दर्जा प्रदान करने की पुरजोर मांग की गई है। इसके साथ ही केंद्र स्तर पर एक समर्पित केंद्रीय गोसेवा मंत्रालय की स्थापना करने तथा संपूर्ण देश में गोवंश रक्षा के लिए एकीकृत केंद्रीय कानून निर्मित करने का आग्रह किया गया है।

पूर्व में भेजे गए प्रार्थना पत्र का कराया स्मरण

गोभक्तों ने बताया कि इससे पूर्व भी गो-सेवा एवं सुरक्षा हेतु 27 अप्रैल को देश भर की 5100 तहसीलों से सवा पांच करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया था। परंतु, विषय की संवेदनशीलता के बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस व समाधानकारक कार्रवाई परिलक्षित नहीं हुई है। इसी परिप्रेक्ष्य में करोड़ों देशवासियों की आस्था और अपेक्षाओं का पुनः स्मरण कराने के लिए ज्ञापन को यथारूप पुनः महामहिम राष्ट्रपति महोदय की सेवा में भेजा गया है। गोभक्तों ने केंद्र व राज्य सरकार से इस विषय पर शीघ्र अति शीघ्र उचित कदम उठाने और निराकरण करने की मांग की है।

# राजनांदगांव ने जीती कुपोषण के खिलाफ बड़ी जंग

राजनांदगांव (दावा)। कुपोषण मुक्त राजनांदगांव की दिशा में जिला प्रशासन को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) तथा पोट्ठ लईका अभियान के संयुक्त एवं सतत प्रयासों से जिले के 299 आंगनबाड़ी केंद्र पूर्णतः कुपोषण मुक्त हो गए हैं। इसके साथ ही जिले के 1184 आंगनबाड़ी केंद्रों में अब एक भी गंभीर कुपोषित अथवा गंभीर कम वजन श्रेणी के बच्चे नहीं है।

यह उपलब्धि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और समन्वित कार्य संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में बच्चों के सुपोषण की दिशा में मिशन मोड में कार्य किए गए। कुपोषण के खिलाफ टीमवर्क, जनभागीदारी और सतत प्रयासों के सुखद परिणाम प्राप्त हुए।



जिले के प्रत्येक बच्चे को लक्षित करते हुए स्वस्थ, सुपोषित और सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के लिए कारगर प्रयास किए जा रहे हैं।

## घर-घर पहुंची पोषण की मुहिम, मिला सकारात्मक परिणाम

इस सफलता के पीछे विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय, सतत निगरानी और जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गर्भवती एवं शिशुवती माताओं की नियमित काउंसलिंग कर उन्हें संतुलित आहार, स्तनपान एवं शिशु देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। पोट्ठ लईका अभियान के तहत घर-घर जाकर बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग, नियमित फॉलोअप एवं आवश्यक मार्गदर्शन सुनिश्चित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से टेक होम राशन का नियमित वितरण तथा पोषण शिक्षा प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया। वहीं एनआरएलएम की समूह दीदियों ने रेडी-टू-ईट पोषण आहार तैयार करने, पोषण जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहयोग को मजबूत बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

## अब मध्यम कुपोषण पर होगा विशेष फोकस

जिले में वर्तमान में 1514 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। जिला प्रशासन ने अब शेष मध्यम कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की है। लक्ष्य है कि 15 अगस्त 2026 तक 350 और आंगनबाड़ी केंद्र तथा 2 अक्टूबर 2026 तक 551 आंगनबाड़ी केंद्र पूर्णतः कुपोषण मुक्त घोषित किए जाएं।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**एंटी पेपर लीक बिल पर लोकसभा में चर्चा....**

इमरजेंसी लगाए? जवाब में अखिलेश यादव बोले, मैंने इमरजेंसी नहीं देखी, लेकिन उसकी झलक राष्ट्रीय राजधानी में देखी है। समस्या कानून नहीं, आपकी नीयत है। जिस दिन नीयत साफ होगी, परीक्षा प्रक्रिया भी साफ हो जाएगी।

0 लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की पहल से सुलझा मामलाः विपक्ष के लगातार विरोध और हंगामे के बीच लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की मध्यस्थता और अपील रंग लाई है। स्पीकर ने इस प्रस्तावित और बेहद अहम कानून पर सदन में कुल 6 घंटे की लंबी चर्चा का समय तय किया है। उन्होंने सभी दलों से देश की प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली को मजबूत करने और पेपर लीक जैसी बुराइयों पर लगाम लगाने के लिए एक सामूहिक और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया है। यह कड़ा विधेयक केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा सदन में पेश किया गया था, हालांकि उस दौरान कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई और सरकार के जवाब की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों ने भारी हंगामा किया था।

**लोकसभा में बोले अखिलेश यादव-एक....**

झुकाने वाला चाहिए, सरकार झुकती है. उन्होंने बिना नाम लिए एक मंत्री के लौटने और उनके स्वागत का भी जिक्र किया और कहा कि उससे उन्हें कोई परेशानी नहीं है. साथ ही उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एक प्रधान को हटाकर एक प्रधान को बचा लिया. सपा चीफ ने कहा कि यूपी जैसे स्टेट में पेपर लीक हो रहा है, जहां से प्रधानमंत्री चुन कर आ रहे हैं. समाजवादी पार्टी प्रमुख ने कहा कि बीजेपी वचन नहीं, बल्कि जुमले देती है. उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार युवाओं की सभी मांगों को स्वीकार करेगी. उन्होंने कहा कि जो आंदोलन शुरुआत में मजाक लग रहा था, वह इतना गंभीर हो गया कि सरकार को धरने की अनुमति देनी पड़ी.

**प्रल्हाद जोशी पर राहुल गांधी का हमला....**

संदेश देती है। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह बहुत गलत संदेश है। मैं अपने दावों की पुष्टि करूंगी। उस समय का एक वीडियो मौजूद है और मैं पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी सबूत जमा करूंगी। उन्होंने साफ किया कि वह अपने आरोपों के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज और वीडियो उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस नियुक्ति को लेकर गंभीर जवाबदेही होनी चाहिए।

**नर्सिंग कॉलेजों में 100 प्रतिशत महिला....**

महिला दोनों को बराबरी से प्रवेश मिलता है, तो पढ़ाई पूरी होने के बाद अध्यापन के पदों पर पुरुषों को बाहर रखना संविधान के खिलाफ है। राज्य सरकार ने कोर्ट में कहा था कि अस्पतालों में मरीजों की देखभाल और नर्सिंग का ज्यादातर काम महिलाएं करती हैं। सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 15(3) का हवाला देते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चों के हित में विशेष व्यवस्था करने का अधिकार राज्य को है। इसलिए इन पदों को महिलाओं के लिए आरक्षित रखना उचित है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने 100 प्रतिशत महिला आरक्षण को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया में पुरुष अभ्यर्थियों को भी शामिल करने का आदेश दिया था। लेकिन फैसला आने के करीब तीन साल बाद भी स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने इस आदेश का पालन नहीं किया। पुरुषों के लिए अब तक संशोधित भर्ती विज्ञापन भी जारी नहीं किया गया। हाईकोर्ट का फैसला आने के 6 दिन बाद, 15 मार्च 2023 को छत्तीसगढ़ पीएससी के उप सचिव ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र भेजा था। इसमें संशोधित मांग पत्र और नए नियम भेजने को कहा गया, ताकि नियमित भर्ती पूरी की जा सके। अभ्यर्थियों ने भी 1 जून 2023 को आवेदन दिया, लेकिन अधिकारियों ने नियमों में बदलाव नहीं किया और मामला आगे नहीं बढ़ाया। करीब 3 साल तक कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद 22 जून 2026 को चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और डिमॉन्स्ट्रेटर के पदों पर संविदा भर्ती का नया विज्ञापन जारी कर दिया। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में कोर्ट के आदेश की अवमानना की याचिका दायर की गई है।

**'पेपर लीक आतंकवाद से कम नहीं.....**

और आर्टिफीसियल पर शोध करने वाला वैज्ञानिक भारतीय परंपराओं पर भी अध्ययन कर सकता है। बीजेपी सांसद ने कहा कि मोदी सरकार जरूरत पड़ने पर कानूनों में सुधार करने से पीछे नहीं हटती और यही कारण है कि 2024 के कानून में भी संशोधन लाया गया है। उन्होंने दावा किया कि पेपर लीक मामले में शामिल सभी 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। साथ ही नंदन नीलेकणी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स गठित कर परीक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। अनुराग ठाकुर ने यह भी कहा कि छात्र बेहतर परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। लेकिन जो असामाजिक तत्व हिंसा और तोड़फोड़ में शामिल थे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**जापान में 7.1 तीव्रता का भूकंपः शॉपिंग....**

बाधित हो गई है। बिजली कंपनी आपूर्ति बहाल करने में जुटी हुई है। कंपनी ने लोगों से अपील की है कि गिरे हुए या टूटे बिजली के तारों को न छुएं। साथ ही कहीं भी बिजली के उपकरणों या लाइनों में नुकसान दिखने पर तुरंत इसकी सूचना देने को कहा है। जापान की प्रधानमंत्री सानए ताकइची ने मंगलवार को बताया कि कुमामोटो में राहत और बचाव अभियान के लिए अब तक करीब 3,600 सैन्यकर्मियों को तैनात किया गया है। इसे अलावा जापान सेल्फ डिफेंस फोर्स के 300 जवानों को भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेना स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर बचाव कार्य, राहत सामग्री पहुंचाने और प्रभावित लोगों की मदद में जुटेगी। भूकंप से बड़े पैमाने पर नुकसान की पुष्टि हो चुकी है। इस आपदा से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं।'

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेशः....**

गया है। याचिकाकर्ताओं ने इसे संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 20 और 21 का उल्लंघन बताया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या लगाए गए आरोप स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं। अदालत ने देशभर में छात्र प्रदर्शनों से जुड़े सभी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। इसमें सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन रिकॉर्डिंग, बॉडी-कैमरा वीडियो, वायरलेस कम्युनिकेशन और पुलिस कंट्रोल रूम रिकॉर्ड शामिल हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रदर्शनकारियों का डिजिटल डेटा सुरक्षित रखा जाए और उनकी किसी भी व्यक्तिगत जानकारी या डेटा को सार्वजनिक न किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 अगस्त को तय की है। अदालत ने उस दिन संबंधित राज्यों के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

**मुआवजा दिलाने के नाम पर....**

गई। मंगलवार को एसीबी की टीम ने पूर्व निर्धारित योजना के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को 50 हजार रुपये का चेक स्वीकार करते समय रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े सभी तथ्यों की गहन जांच की जाएगी। एसीबी की कार्रवाई की खबर मिलते ही रायगढ़ कलेक्ट्रेट परिसर में हड़कंप मच गया। कई अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेने में जुट गए। सरकारी कार्यालय में रिश्वतखोरी के इस मामले ने एक बार फिर प्रशासनिक पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं और मुआवजा राशि के नाम पर रिश्वत मांगने वाले कर्मचारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कोई शासकीय अधिकारी या कर्मचारी किसी काम के बदले पैसे की मांग करता है, तो इसकी जानकारी तत्काल संबंधित एजेंसी को दें। फिलहाल, आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्राचार्यों एवं शिक्षकों को किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के प्राचार्यों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में युवाओं के चयन के लिए नियमित रूप से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय डोंगरगांव एवं हायर सेकेंडरी स्कूल पारागांवखुर्द के प्राचार्यों तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में युवाओं के चयन में विशेष प्रयास भूमिका निभाने वाले शिक्षक थंगेश्वर साहू एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम विद्यालय राजनांदगांव के व्याख्याता लेखा साहू को सम्मानित किया। शिक्षक थंगेश्वर साहू के विशेष प्रयासों से 3 युवाओं का अग्निवीर तथा व्याख्याता लेखा साहू के विशेष प्रयासों से 3 बच्चों का नीट में चयन हुआ है। इसके साथ ही ऑनलाईन कक्षाओं में अपनी सेवाएं देने वाले व्याख्याता सोहन निषाद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# आयुक्त ने ली संकुल शैक्षिक समन्वयकों की बैठक



निकाय क्षेत्र के शिक्षकों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ देने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव निकाय क्षेत्र सहित जिले भर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से उर्जा उपभोक्ता से उर्जादाता बनाने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने नगर पालिक निगम के टाऊन हाल में संकुल शैक्षिक समन्वयको की बैठक लेकर निकाय क्षेत्र के शिक्षको को योजना का लाभ देने सोलर पेनल लगाने प्रेरित करने अपील किए।

बैठक में आयुक्त श्री मरकाम ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि उक्त योजना भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन का सबसे बड़ा विभाग है। निकाय क्षेत्र में निवासरत लोगो को बिजली बिल के भार से बचने सोलर पेनल लगाने प्रोत्साहित किया जा रहा है। निकार्य क्षेत्र में बहुतायत शिक्षक निवास करते है, उन्हें योजना का लाभ लेने जानकारी देने आज संकुल समन्वयको की बैठक बुलाई गयी है। क्योकि आप सब संकुल समन्वयको से शिक्षक सम्पर्क में रहते है, आपके माध्यम से इस योजना का क्रियान्वयन वृहद रूप में हो पायेगा।

आयुक्त ने कहा कि जिले में अधिक से अधिक सोलर पेनल लगाने के लिए अभियान चलाकर लोगो को प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर महोदय लगातार इसकी समीक्षा कर रहे है, शहरी क्षेत्र में लाभ देने महापौर महोदय स्वयं वार्डो मे बैठक ले रहे है, कॉलोनियो मे जा कर भी कॉलोनीवासियो को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह भी जिले के लगभग 400 लाभार्थियों से संवाद किए, जिनका बिलजी बिल शुन्य हो गया है। आयुक्त ने योजना की जानकारी देकर संकुल समन्वयको से कहा कि आप लोग भी इस अभियान से जुडे, और अपने संकुल क्षेत्र में आने वाले शिक्षको को सोलर पेनल लगाने प्रेरित करे।

विद्युत मण्डल के सहायक अभियंता रोहित मण्डावी ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बिजली यूनिट खपत, सोलर पेनल से सोलर बिजली उत्पादन एवं खपत के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिजली बिल से निजात दिलाने का सोलर पेनल सबसे बड़ा साधन है, जिसके लिए सरकार लगी हुई है। सरकार का उद्देश्य बिजली बिल शुन्य करना ही नही, बल्कि पर्यावरण संरक्षण करान भी है। उन्होंने सोलर पेनल लगाने के लिए बिन्दुवार जानकारी देकर आवेदन प्रक्रिया की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 4 हजार लोगो ने सोलर पेनल लगाया है। जिसमें से 1167 उपभोक्ता का बिजली बिल शुन्य हो गया है। लीड बैंक मैनेजर श्री मोनिस शर्मा ने केन्द्र व राज्य सरकार से मिलने वाली सब्सिडी व लोन प्रक्रिया के बारे मे विस्तार से बताया। उन्होंने लागत एवं ब्याज की जानकारी देते हुए लोन के लिए आवश्यक दस्तावेज व नियम बताए। आज की बैठक में नगर निगम के कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, यू.के.रामटेके, प्रणय मेश्राम, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी राजूराम साहू, बी.आर.सी. भगत सिंह सहित विद्युत मण्डल के अधिकारी तथा संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित थे।

# योगासन खेल स्पर्धा में योगशाला का जलवा : आठ खिलाड़ियों का संभागीय शालेय स्पर्धा के लिए चयन



राजनांदगांव (दावा)। नीरज पेरेंट्स प्राइड स्कूल बलदेव बाग एवं योगशाला प्रशिक्षण संस्थान अनुपम नगर के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के आठ खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय शालेय योगासन खेल स्पर्धा के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 5 अगस्त को बालक वर्ग और 6 अगस्त को बालिका वर्ग में राजनांदगांव में आयोजित होगी।

विद्यालय के चयनित खिलाड़ी ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक एवं रिदमिक योगासन स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ट्रेडिशनल सिंगल 14 वर्ष आयु बालक वर्ग पार्थ पारधी, बालिका वर्ग में खुशी सिन्हा, ट्रेडिशनल सिंगल इवेंट 17 वर्ष बालक आयु वर्ग में यशस्व ठाकुर, आर्टिस्टिक सिंगल 14 वर्ष आयु बालिका वर्ग प्रियांशी सिंह, आर्टिस्टिक पेयर 14 वर्ष आयु बालिका वर्ग में खुशी सिन्हा एवं देवांशी साहू, रिदमिक पेयर 14 वर्ष आयु बालिका वर्ग में समृद्धि विश्वकर्मा एवं दीक्षा सिन्हा, रिदमिक पेयर 14 वर्ष आयु बालक वर्ग में पार्थ पारधी एवं हरीश वर्मा संभाग स्तरीय शालेय योगासन खेल स्पर्धा के लिए अपने उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर चयन हुआ हैं। खिलाड़ियों के चयन से विद्यालय परिवार, योग प्रशिक्षण संस्थान, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन एवं योग प्रशिक्षकों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया किए वे संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, योग प्रशिक्षण संस्थान तथा राजनांदगांव जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य एवं प्रतियोगिता में सफलता की कामना की है।

# जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुन स्काउट गाइड रोवर रेंजर जांच शिविर 2026 आयोजित

कारगिल शहीद दिवस पर शहीद शहादत पर नमन कर श्रद्धांजलि दी गई




डोंगरगढ़ (दावा)।जिला स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड निपुन जांच शिविर दिनांक 24 जुलाई से 27 जुलाई 2026 तक शासकीय कन्या उ मा शाला विकास खण्ड डोंगरगढ़ में इंदरजीत सिंग खालसा राज्य मुख्य आयुक्त, राजेंद्र गोलछा राज्य उपाध्यक्ष, उमेश हथेल जिला अध्यक्ष, महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त, प्रवास कुमार सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट के निर्देश एवं मार्गदर्शन में आयोजित की गई। जिसमें विकास खण्ड राजनांदगांव डोंगरगढ़ डोंगरगांव छुरिया के कुल 161 स्काउट गाईड रोवर रेंजर व 18 स्काउट गाईड प्रभारी सहित राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास के 41 स्काउट गाइड रोवर रेंजर व सर्विस के रूप में 13 रोवर रेंजर ने प्रतिभागिता की।

ज्ञात हो कि उक्त शिविर का शुभारंभ 24 जुलाई को स्काउट गाइड नियम अनुसार ध्वजारोहण कर किया गया। जिसके बाद शिविर नियम शिविर उद्देश्य टोली विभाजन कर प्रथम सोपान से तृतीय सोपान तक स्काउट गाइड तथा प्रवेश से निपुण तक के निर्धारित पाठ्यक्रम की जानकारी के साथ उनकी जांच परीक्षा ली गई। शिविर दौरान स्वच्छता जागरूकता रैली डोंगरगढ़ के मुख्य मार्ग से होते हुए निकली एवं माँ बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन भी स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने किया। एक पेड़ माँ के नाम तहत कार्यालय विकास खण्ड डोंगरगढ़ में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।कारगिल शहीद दिवस पर शहीद शहादत पर नमन कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस शिविर में अतिथि विशेष सहयोग एवं सक्रिय रूप से देवेंद्र सिंग भाटिया सहायक राज्य आयुक्त स्काउट विकास खण्ड अध्यक्ष स्काउट गाइड डोंगरगढ़ रमन डोंगरे नगर पालिका अध्यक्ष विनोद खाण्डेकर पूर्व विधायक डोंगरगढ़ पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त छत्तीसगढ़ भारत स्काउट गाइड रामजी भारती पूर्व विधायक डोंगरगढ़ ने शिविर को उदबोधन के माध्यम से शिविरार्थी स्काउट गाइड रोवर रेंजर को आशीष प्रदान किया।इस अवसर पर राकेश भावते जिला उपाध्यक्ष,पार्षद गण सुश्री शिवांगी साखरे,श्रीमती शारदा यादव, सुमित ताम्रकार, हरीश मोटघरे अनिश निर्मलकर तथा आजीवन सदस्य अरविंद सहारे, घनश्याम दास साहू, संतोष खण्डेलवाल, अमर करसे, विपिन पोद्दार, विकास अम्बादे श्रीमती संगीता एम.टेम्भुरकर,श्रीमती इंदिरा साखरे,श्रीमती उर्मिला साखरे, ओमप्रकाश टेंभुरकर उपस्थित रहे।जिला संघ राजनांदगांव स्काउट गाइड के पदाधिकारियों सदस्यों सहित शिविर संचालक ओमकार पटेल स्काउट विभाग श्रीमती राखी रामटेके गाइड विभाग देवेंद्र अम्बादे जिला सचिव आदि ने शिविर सफल बनाने में अपना अतुलनीय सहयोग दिया।

# राम-लक्ष्मण वाटिका में विराजेंगे शिवगणों सहित भोलेनाथ





तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जुटेंगे शिव भक्त

राजनांदगांव (दावा)। नगर की न्यू खंडेलवाल कॉलोनी गली नंबर 3 स्थित राम-लक्ष्मण वाटिका में पवित्र श्रावण मास में शिवगणों सहित भोलेनाथ की प्राण-प्रतिष्ठा शुभ मुहूर्त में 1 अगस्त से 3 अगस्त तक तीन दिवसीय आयोजन के रूप में की जाएगी। वैदिक मंत्रों के बीच शोभा यात्रा तथा धार्मिक अनुष्ठान पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराए जाएंगे।

भगवान भोलेनाथ की शिवगणों सहित प्राण-प्रतिष्ठा समारोह समिति के संरक्षक, नगर निगम में प्रतिपक्ष के नेता संतोष पिल्ले एवं वार्ड पार्षद श्रीमती संगीता-युधिष्ठिर देवांगन ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर 1 अगस्त शनिवार श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया तिथि पर शोभा यात्रा एवं वेदी स्थापना पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी। इसी तरह 2 अगस्त रविवार चतुर्थी तिथि पर भगवान का अन्नाधिवास एवं शैयाधिवास तथा 3 अगस्त श्रावण मास के प्रथम सोमवार को अभिजीत मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न होगी। इसी दिन शिव भक्त भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद के साथ महाप्रसादी भी ग्रहण कर सकेंगे।

आयोजन समिति के संरक्षक नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले सहित न्यू खंडेलवाल कॉलोनी परिवार के शिव भक्तों ने नगर वासियों से उक्त पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने अपील की है।

# मन की बात से प्रेरणा लेकर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाएं - जागृति चुन्नी यदु



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम रेंगाकठेरा (माथलडबरी) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम %मन की बात% के 136वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के उपरांत ग्राम जंतर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के माध्यम से देशवासियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी जैसे विषयों पर निरंतर प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं। प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी सबसे बड़ी शक्ति है। जब समाज स्वयं आगे बढ़कर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भागीदारी निभाता है, तब सकारात्मक परिवर्तन तेजी से दिखाई देता है। वृक्षारोपण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का सतत संकल्प है।

कार्यक्रम में ग्राम सरपंच मधु ओमेश यदु, रूपकुमारी चन्द्रवंशी, सुन्दर पटेल, ओमेश यदु, लोकेश ठाकुर, उत्तम यदु, हीराराम चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने किया पौधरोपण का आह्वान



राजनांदगांव (दावा)। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने जिलेवासियों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण ही जीवन का संरक्षण है। जल, जंगल और जमीन हमारे अस्तित्व का आधार हैं, इसलिए इनकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।

प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने विशेष रूप से महतारी वंदन योजना की सभी हितग्राही माताओं से आग्रह किया कि वे ÷एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ते हुए अपने परिवार की ओर से कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं तथा उसकी नियमित देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि एक पौधा केवल पर्यावरण को हरित नहीं बनाता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखता है।

उन्होंने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेकर पौधरोपण करे और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए, तो हम जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकते हैं।

# जन्मदिन पर अथर्व रजक ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़कर दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश, प्राचार्य को भेंट किया पौधा

राजनांदगांव (दावा)। जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए एनपीपीएस के कक्षा पहली के छात्र अथर्व रजक ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए सभी लोगों से अपने जीवन के विशेष अवसरों पर पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान अथर्व रजक ने विद्यालय के प्राचार्य को सप्रेम एक पौधा भेंट किया तथा अपनी कक्षा शिक्षिका मीनाक्षी पाण्डेय के साथ विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस पहल की विद्यालय परिवार ने सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायी कदम बताया।

एनपीपीएस परिवार ने अथर्व रजक पिता लोकेश रजक को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सफलता की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों को पौधारोपण जैसे रचनात्मक कार्यों से जोड़ना समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है।

अथर्व रजक ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

उल्लेखनीय है कि अथर्व रजक शांति नगर, राजनांदगांव निवासी हैं तथा वरिष्ठ पत्रकार श्री परमानंद रजक के पोते हैं। विद्यालय परिवार ने उनके इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक बताया।

## प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा लगाया गया फूड स्टॉल



राजनांदगांव (दावा)। प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास एवं व्यवहारिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों द्वारा फूड स्टॉल का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा संचालित फूड स्टॉल में नींबू पानी, फिंगर चिप्स, स्वीट डिश, स्वीट कॉर्न, सूप, भेल, आलू गोलगप्पा, करोंदा चाट सहित विभिन्न व्यंजन तैयार किए गए थे।

फूड स्टॉल के लिए सामग्री का प्रबंधन, ग्राहकों से संवाद अन्य व्यवस्थाओं का संचालन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। विद्यार्थियों में जीवनोपयोगी कौशल, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, आत्मविश्वास, संचार कौशल, व्यवहारिक अनुभव एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। फूड स्टॉल में अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक एवं अभिभावकों में शामिल होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश, कलेक्टर ने तकनीकी सहायकों से मांगी सप्ताहभर की प्रगति



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर आवास निर्माण कार्यों की प्रगति का तकनीकी सहायकवार मूल्यांकन किया। बैठक में उन्होंने पिछले एक सप्ताह के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रत्येक तकनीकी सहायक से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और लक्ष्य के मुकाबले हुए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सभी तकनीकी सहायकों ने अपने-अपने क्षेत्र में आवास निर्माण की प्रगति से अवगत कराया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी सप्ताह में आवास निर्माण कार्यों में और अधिक गति लाई जाए तथा अधिक से अधिक आवासों को पूर्ण कर हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित किया जाए।। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए गुणवत्ता एवं समय-सीमा दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में कलेक्टर ने ड्डक्क्तञ्जत्र के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी स्वीकृत कार्यों के लिए दो दिवस के भीतर शत-प्रतिशत मस्टर रोल जारी किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को समय पर रोजगार उपलब्ध हो सके और विकास कार्यों में तेजी आए।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल ने कहा कि सभी तकनीकी सहायक एवं मैदानी अमला निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए लंबित आवासों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग, हितग्राहियों से सतत संपर्क तथा निर्माण सामग्री एवं श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आवास निर्माण और रोजगार सृजन दोनों कार्यों में अपेक्षित प्रगति हासिल की जा सके। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। आवास निर्माण, रोजगार सृजन एवं ग्रामीण विकास से जुड़े सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित लक्ष्य समय पर पूर्ण किए जाएं, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से मिल सके।

## पहली बार में ही लहराया परचम - संस्कारसिटी इंटरनेशनल स्कूल की हॉकी टीम बनी उपविजेता



राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के लिए गौरव का क्षण। हमारे विद्यालय की अंडर-14 बालकों की हॉकी टीम ने ओ.पी. जिन्दल स्कूल, रायगढ़ में आयोजित सीबीएसई फार ईस्ट जोन हॉकी चौंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

यह प्रतियोगिता 20 जुलाई से 23 जुलाई 2026 तक आयोजित की गई। विद्यालय की टीम ने इस प्रतियोगिता में पहली बार भाग लिया और पहली ही बार में उपविजेता बनकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

कोच सौरभ कुमार श्रीवास के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में खिलाड़ी - पीवेद सिन्हा, वासु साहू, केशराज साहू, सतीश कुमार मंडावी, कृष्णा कंवर, देव कुमार, अनिश तेलाम, खिलेश कुमार ध्रुवे, हरयांश कुमार दीवान, मोक्ष राज नागेश, मोहित कुमार सोना, शैलेश वेलादी, रुद्र प्रताप मंडावी, सार्थक गुप्ता, प्रियांशु राभा, वैभव देहरी, कनिष्क साहू एवं दिव्यांशु अदिले भाग लेंगे।

# ओडिशा से यूपी ले जाया जा रहा 41 किलो गांजा बरामद, टाटा योद्धा पिकअप जब्त

राजनांदगांव (दावा)। साइबर सेल एवं पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ की संयुक्त कार्रवाई में अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में पुलिस ने ओडिशा से उत्तर प्रदेश ले जाई जा रही व्यावसायिक मात्रा की 41.195 किलोग्राम गांजे की बड़ी खेप बरामद की है। इसके साथ ही तस्करी में प्रयुक्त टाटा योद्धा पिकअप वाहन एवं एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन जब्त किया गया है। पुलिस द्वारा जब्त किए गए कुल मशरूका की अनुमानित कीमत 28,65,750 रुपये बताई गई है।



प्रेसवार्ता में एएसपी कीर्तन राठौर ने दी जानकारी, जब्त मशरूका की कीमत 28.65 लाख रुपये

### एएसपी कीर्तन राठौर ने ली प्रेसवार्ता

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के संवाद कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में एएसपी कीर्तन राठौर एवं सीएसपी वैशाली जैन ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध पुलिस एवं एनसीबी का संयुक्त अभियान लगातार जारी है। एएसपी राठौर ने बताया कि 26 जुलाई को एनसीबी रायपुर से पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ को सूचना मिली थी कि ओडिशा के मलकानगिरी/कोरापुट क्षेत्र से भारी मात्रा में गांजा टाटा योद्धा पिकअप (क्रमांक सीजी 04 एनएस 8967) में भरकर राजनांदगांव-तुमड़ीबोड़ मार्ग से होते हुए आगरा (उत्तर प्रदेश) ले जाया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एनसीबी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नेशनल हाईवे स्थित गुरुद्वारा चौक के पास घेराबंदी की गई।

### अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हुए तस्कर

घेराबंदी के दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन पुलिस को देखकर लगभग 300 मीटर पहले ही रुक गया। वाहन में सवार दो आरोपी पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाते हुए मौके से फरार हो गए। संयुक्त टीम ने तत्काल उनका पीछा किया एवं आसपास के क्षेत्र में व्यापक तलाश अभियान चलाया।

### सीट के नीचे छिपे मिले 36 पैकेट, 4 जिलों की पुलिस जुटी तलाश में

फरार आरोपियों द्वारा छोड़े गए वाहन की विधिसम्मत तलाशी लेने पर सीट के पीछे एवं नीचे छिपाकर रखे गए 36 पैकेट बरामद हुए, जिनमें कुल 41.195 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा पाया गया। इसके अलावा वाहन से ओप्पो कंपनी का एक टचस्क्रीन मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। एएसपी ने बताया कि उक्त गांजा तस्करों को पकड़ने के लिए आसपास के चार जिलों की पुलिस जुटी हुई थी। अंततः राजनांदगांव पुलिस को गुरुद्वारा चौक के पास घेराबंदी कर गांजा पकड़ने में सफलता मिली। आरोपियों द्वारा व्यावसायिक मात्रा में अवैध गांजे का परिवहन किए जाने पर उनके विरुद्ध पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ में अप.क्र. 319/2026 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## सीबीएसई गेम्स में नीरज पब्लिक स्कूल पेण्ड्री की छात्रा अर्पिता वर्मा का शानदार प्रदर्शन








राजनांदगांव (दावा)। सीबीएसई गेम्स के तहत आयोजित अंडर-17 बालिका वर्ग की आर्चरी प्रतियोगिता में शाला की होनहार छात्रा अर्पिता वर्मा पिता डेविड वर्मा ने ओडिशा के भवानीपटना में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण पदक एवं 1 रजत पदक अपने नाम किया। अर्पिता की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय, परिवार एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस सफलता ने विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। संस्था के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, एमडी कमलेश उभरानी, संतोष कांकरिया, प्राचार्या सुश्री भारती गौते एवं विद्यालय परिवार ने अर्पिता को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी।

## श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में गुरुपूर्णिमा उत्सव की तैयारियां पूर्ण

### मौनी बाबा का पूजन आज सुबह 9 बजे से



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा का महापर्व अत्यंत धूमधाम एवं श्रद्धा-उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए मंदिर समिति द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति ने बताया कि कल प्रातः 9 बजे से मौनी बाबा का विशेष पूजन-अर्चन कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विविध धार्मिक एवं आध्यात्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर समिति के संयोजक अशोक चौधरी ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी जनता व भक्तजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित उपस्थित होकर मौनी बाबा के दर्शन-पूजन का लाभ उठाएं और पुण्य के भागी बनें।















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com